to be raised, to be supported	पलना
How will his children be supported?	उसके बच्चे कैसे पलेंगे ?
caste	जाति (ii)
What is your caste?	आपकी जाति क्या है ?
stomach	पेट (aa)
to make a living	पेट पालना
It is not easy to make a living in India.	भारत में पेट पालना कोई आसान काम नहीं ।

पर समुद्र में मछली मारना आसान नहीं है और उसके लिये बहुत तैयारी चाहिये । युरप के देशों में और जापान में समुद्र में मछली मारने का काम बहुत आगे बढ़ा हुआ है । इन देशों में बड़े बड़े स्टीमर काम में लाये जाते हैं । भारत में भी मछली मारने का काम, समुद्र में, बड़े पैमाने पर हो रहा है । लेकिन हमें यहां उन बड़ी बातों की बाबत नहीं सोचना है । हमें तो यह सोचना है कि गांवों में, मछली मार कर, लोग कैसे अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं और उस की बदौलत पल सकते हैं ।

हमारे गांवों में मछली मारने का काम कुछ ख़ास जातियों का काम समझा जाता है । लेकिन यह बात सही नहीं है । इसका मतलब यह नहीं है कि जो लोग गांवों में इस समय

to eject, to oust	निकालना
Ram ousted his brother from his house.	राम ने अपने भाई को अपने घर से निकाल दिया ।
organized	संगठित
We can do this job only if we keep organized.	यह काम संगठित रहने से ही हो सकता है ।
method	तरीका (aa)
There are many methods of educating people.	लोगों को शिक्षा देने के बहुत तरीके हैं ।
without	बिना ...(के)
Fish cannot live without water.	मछली बिना पानी के नहीं रह सकती ।
in this way	यों
for that matter	यों तो
For that matter, there are schools everywhere.	यों तो स्कूल हर जगह हैं ।
towel	अंगोछा (aa)
Tell the bearer to bring me a towel.	बैरा से मेरे लिये एक अंगोछा लाने को कहो ।
little, tiny	छोटा मोटा
Such tiny fish are no good to eat.	इतनी छोटी मोटी मछलियां खाने में अच्छी नहीं होतीं ।
net	जाल (aa)
The nets are full of fish.	जाल मछलियों से भरे हैं ।
training, education	शिक्षा (aa)
Where did you get your training?	आपने शिक्षा कहां पाई ?

मछली मार कर अपना पेट पालते हैं उन्हें उस धन्धे से निकाल दिया जाये । मतलब यह है कि यह काम कुछ संगठित तरीके से किया जाये ।

मछली मारने का काम ऐसा नहीं है कि वह बिना सीखे ही किया जा सके । यों तो बच्चे अंगोछे में छोटी मोटी मछलियां पकड़ लेते हैं, लेकिन जाल बनाने की शिक्षा होनी चाहिये । इसके अलावा यह भी जानना चाहिये कि मछलीमारने के बारे में क़ानून क्या है । लोग तालाबों में जब चाहते हैं मछली मारते हैं, यह बात ठीक नहीं है । जिस समय मछली बच्चे

damage	नुक़सान (aa)
The flood caused a lot of damage.	बाढ़ से बहुत नुक़सान हुआ ।
weight	वज़न (aa)
It is not good to be underweight.	कम वज़न होना अच्छा नहीं ।
birth	जन्म (aa)
Mr. Saund's birthplace is in India.	श्री सांड का जन्म स्थान भारत में है ।
knowing, experienced	जानकार
People who know say that it is easy to speak Hindi.	जानकार लोगों का कहना है कि हिंदी बोलना आसान है ।
advice	सलाह (ii)
One should always get one's friends' advice.	अपने साथियों से हमेशा सलाह लेनी चाहिये ।
to spoil, to waste	बरबाद करना
Too much rain spoiled the whole job.	ज्यादा बारिश ने सारा काम बरबाद कर दिया ।
welfare	भलाई (ii)
Education is necessary for the people's welfare.	शिक्षा लोगों की भलाई के लिये ज़रूरी है ।

देती है उस समय उसे मारना अपना ही नुक़सान करना है । जिस मछली का वज़न जन्म के बाद १ १/४ आउंस होता है उसका वज़न महीने दो महीने के बाद एक पाउंड हो सकता है । इसी कारण जानकारों की सलाह से कुछ क़ानून बनाये गये हैं जिससे मछलियों को बरबाद न किया जाये । ये क़ानून हम लोगों की भलाई के लिये बनाये गये हैं । इन्हें मानना चाहिये ।

Questions

१ किसी धन्धे का नाम बताइये जो गांव वाले अपना सकते हैं ।
२ पानी कहां कहां पाया जाता है ?
३ क्या समुद्र में मछली मारना आसान है ?
४ किन किन देशों में मछली मारने का काम बड़े पैमाने पर हो रहा है ?
५ क्या मछली मारना किसी ख़ास जाति का काम है ?
६ क्या मछली मारने का काम ऐसा है कि वह बिना सीखे ही किया जा सके ?
७ मछली मारने के लिये क्या क्या जानना ज़रूरी है ?
८ मछली को किस समय नहीं मारना चाहिये ?

poet — कवि (aa)

Who is the most famous Indian poet? — सबसे मशहूर भारतीय कवि कौन है ?

poem — कविता (ii)

It's hard to make a living writing poems. — कविता लिखने से पेट पालना बहुत मुश्किल है ।

devotion — भक्ति (ii)

patriotism — देशभक्ति (ii)

One shouldn't suspect anyone's patriotism. — किसी को देशभक्ति पर शंका नहीं करनी चाहिये ।

feeling — भाव (aa)

We should think of our friends' feelings. — हमें अपने साथियों के भावों का विचार रखना चाहिये ।

Christian — इसाई

There are 80 lakhs of Christians in India. — भारत में ८०,००,००० इसाई हैं ।

religion — मज़हब (aa)

Religion doesn't teach us to make war. — मज़हब लड़ाई करना नहीं बताता ।

friendship — मेलजोल (aa)

Many people don't approve of our friendship. — हमारा मेलजोल कई लोग पसन्द नहीं करते ।

message — संदेश (aa)

What is the message of Christianity? — इसाई मज़हब का संदेश क्या है ?

freedom — आज़ादी (ii)

Several countries are battling for their freedom. — कई देश अपनी आज़ादी के लिये लड़ाई कर रहे हैं ।

इक़बाल

तुमने इक़बाल का नाम सुना होगा । वे उर्दू के बहुत बड़े कवि थे । उनकी एक कविता "तराना ए हिन्दी"* भी तुमने ज़रूर सुनी होगी । उनकी यह कविता बहुत मशहूर है । उस कविता में देशभक्ति के भाव भरे हैं । उसमें इक़बाल ने हिन्दू, मुसलमान, सिख, इसाई, सब मज़हबों के लोगों को मेलजोल से रहने का संदेश दिया है । यह कविता हमारी आज़ादी का

* Persian, "Song of the Indians".

song	गीत (aa)
Everyone in India knows this song.	यह गीत भारत का बच्चा-बच्चा जानता है ।
meeting	जल्सा (aa)
When will the party hold its meeting?	पार्टी का जल्सा कब होगा ?
teacher	उस्ताद (aa)
Where can I find a good singing teacher?	एक अच्छा गाने का उस्ताद कहां मिलेगा ?
born, produced	पैदा
A girl was born in their family.	उनके यहां लड़की पैदा हुई ।
scholarship	वज़ीफ़ा (aa)
How long does your scholarship run?	आपका वज़ीफ़ा कब तक चलेगा ?
gold	सोना (aa)
In India many things are made of gold.	हिन्दुस्तान में सोने की बहुत चीज़ें बनती हैं ।
medal	तमग़ा (aa)
The President awarded him a medal.	राष्ट्रपति ने उसे एक तमग़ा दिया ।
publicity, popularization	प्रचार (aa)
it became popular	उसका प्रचार हुआ
Coca Cola has become very popular in Bombay.	बम्बई में कोका कोला का बहुत प्रचार हो गया है ।
fame	प्रसिद्धि (ii)
The fame of California is due to the good weather there.	कैलिफ़ोर्निया की प्रसिद्धि का कारण वहां का अच्छा मौसम है ।

गीत थी, और १५ अगस्त, १९४७, तक कांग्रेस के जल्सों में गायी जाती थी ।

इक़बाल पंजाब के रहने वाले थे । उनका जन्म १८७३ में स्यालकोट में हुआ था । उनके बाप का नाम शेख़ नूर मुहम्मद था और वे प्रसिद्ध व्यापारी थे । इक़बाल जब स्कूल में पढ़ते थे तभी कविता लिखने लगे थे । उन्होंने सरकारी स्कूल स्यालकोट में पढ़ना शुरू किया । वहां एक बहुत अच्छे उस्ताद मौलवी मीर हसन थे । वे इक़बाल को घर पर भी पढ़ाते थे । उन्हीं के कारण इक़बाल को कविता लिखने का शौक़ पैदा हुआ । इक़बाल पढ़ने में बड़े तेज़ थे । आठवें और दसवें दर्जा में उन्होंने वज़ीफ़ा लिया । उन्होंने सरकारी कालेज लाहौर से बी. ए. पास किया और उन्हें फिर वज़ीफ़ा मिला । एम. ए. में उन्हें सोने का तमग़ा मिला ।

title

The government awarded him the title of Padma Shri.

पदवी (ii)

सरकार ने उसे पद्म श्री की पदवी दी ।

to be sold

to sell like hotcakes

बिकना

हाथों हाथ बिकना

Yesterday's paper sold like hotcakes.

कल का अख़बार हाथों हाथ बिक गया ।

religion

धर्म (aa)

Almost all the religions of the world are found in India.

भारत में दुनियां भर के क़रीब क़रीब सारे धर्म हैं ।

philosophy

दर्शन (aa)

Which philosophy is most important in India?

भारत में कौन सा दर्शन सबसे महत्वपूर्ण है ?

law practice

वक़ालत (ii)

I started law practice in 1956.

मैं ने वक़ालत १९५६ में शुरू की ।

disposition, temperament

तबीयत (ii)

He doesn't have the right temperament for this work.

उसकी तबीयत इस काम में नहीं है ।

wealth

धन

He lost all his wealth in the war.

उसने लड़ाई में अपना सारा धन खो दिया ।

जब इक़बाल लाहौर में पढ़ने लगे, उन दिनों वहां कवि-सम्मेलन बहुत होते थे । नौजवानों में देशभक्ति का प्रचार हो रहा था । इक़बाल ने कविसम्मेलनों में देशभक्ति की कवितायें सुनानी शुरू कीं । लोगों ने उनकी कवितायें बहुत पसन्द कीं और इक़बाल मशहूर हो गये ।

एम.ए. पास करने के बाद इक़बाल कुछ दिनों तक प्रोफ़ेसर रहे । फिर वे इंगलैंड केम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में फ़िलासफ़ी पढ़ने चले गये । उसके बाद वे कुछ साल जर्मनी में रहे और वहां उन्होंने ईरानी फ़िलासफ़ी पर एक किताब लिखी । इस किताब के लिये म्यूनिख़ यूनिवर्सिटी ने उन्हें पी.एच.डी. की डिग्री दी । कविता में जब इनकी प्रसिद्धि बढ़ी तो अंग्रेज़ी सरकार ने उन्हें सर की पदवी दी ।

इक़बाल की पहली कविताओं की किताब "बांगेदरा"* थी । छपते ही यह किताब हाथों हाथ बिकने लगी । इक़बाल की बहुत अच्छी कवितायें इसी किताब में मिलती हैं । इक़बाल मुसलमान थे, लेकिन उन्होंने हिन्दू धर्म और दर्शन की किताबें पढ़ी थीं । उन्होंने " स्वामी रामतीर्थ ", " गुरु नानक", और " राम" पर बहुत अच्छी कवितायें लिखी हैं ।

* Persian, "The Voice of the Bell".

life	ज़िन्दगी (ii)
May you have a long life!	आपकी ज़िन्दगी लम्बी हो ।
poor	ग़रीब
He spent his life trying to help the poor.	उसने अपनी ज़िन्दगी ग़रीबों की मदद करने में गुज़ार दी ।
Persian	फ़ारसी
Persian is also taught here.	यहां फ़ारसी भी पढ़ाई जाती है ।
to pick, choose	चुनना
The President is chosen by the people.	राष्ट्रपति जनता द्वारा चुने जाते हैं ।
time, occasion	बार (aa)
He became ill several times during the trip.	वह यात्रा में कई बार बीमार हो गया ।
round	गोल
The Secretariat Building in New Delhi is round.	देहली की सेक्रेटेरियत बिल्डिंग गोल है ।
demand	मांग (ii)
There is a great demand for education.	शिक्षा की बहुत मांग है ।
supporter	हामी (aa)
He is a supporter of the Congress Party.	वह कांग्रेस दल का हामी है ।
nation	राष्ट्र (aa)
We must all serve our nation.	हम सब को अपने राष्ट्र की सेवा करनी चाहिये।
to celebrate (an occasion)	मनाना
We celebrated Divali at my brother's.	हमने अपने भाई के घर दीवाली मनाई ।
death	देहांत (aa)
Gandhiji's death occurred in 1948.	गांधी जी का देहांत १९४८ में हुआ ।

इंगलैंड से लौट कर फिर कुछ दिन लाहौर में प्रोफ़ेसर रहे । लेकिन यह काम उन्हें पसन्द नहीं था । वे प्रोफ़ेसरी छोड़ कर वकालत करने लगे, लेकिन क़ानून में भी उनकी तबीयत न लगी । वे कवि थे और उनका ख़ास काम कविता करना था । लेकिन हिन्दुस्तान में कवियों को धन कहां मिलता है ? इसलिये इक़बाल सारी ज़िन्दगी ग़रीब रहे । लेकिन उन्होंने कविता नहीं छोड़ी । उर्दू के अलावा उन्होंने फ़ारसी में भी कवितायें लिखीं । उन्होंने बच्चों के लिये भी बहुत सी कवितायें लिखीं ।

१९२६ में वे पंजाब कौंसिल के मेम्बर चुने गये । वे २ बार गोल-मेज़ कान्फ्रेंस में गये थे । पिछले दिनों में वे पाकिस्तान की मांग के हामी हो गये थे । पाकिस्तान के लोग उन्हें अपना राष्ट्र-कवि मानते हैं, और हर साल इक़बाल-दिन मनाते हैं । अप्रिल, १९३८, में लाहौर में उनका देहांत हो गया ।

Questions

१ इक़बाल कौन थे और किस भाषा में लिखते थे ?

२ इक़बाल का जन्म कहां हुआ था ?

३ किन के कारण इक़बाल को कविता लिखने का शौक़ हुआ ?

४ इक़बाल ने कहां बी.ए. पास किया ?

५ उन्होंने युरप में कहां पढ़ा ?

६ उन्हें सर की पदवी कैसे मिली ?

७ इक़बाल-दिन कहां मनाते हैं ?

८ उनका देहांत कहां और कब हुआ ?

Hindi Reader -- Lesson 11

[From this point, the vocabulary of the spoken Hindi course, Units 1-30, is assumed as known.]

victory, conquest — विजय (ii)

A main reason for the British victory was their patriotism. — अंग्रेज़ों की विजय का एक बड़ा कारण उनकी देशभक्ति थो ।

high — ऊंचा

The Ganges comes out of very high mountains. — गंगा बहुत ऊंचे पहाड़ों में से निकलती है ।

peak, highest point — चोटी (ii)

Tibet is on the other side of the Himalayan peaks. — हिमालय की चोटियों के दूसरी तरफ़ तिब्बत है।

located, situated — स्थित

My village is located on the Indo-Pakistan border. — मेरा गांव भारत और पाकिस्तान की सीमा पर स्थित है ।

to cover — ढकना

The Himalayas remain covered with snow all year. — हिमालय सारा साल बर्फ़ से ढका रहता है ।

to climb — चढ़ना

Who climbed Everest first? — एवरेस्ट पर सबसे पहले कौन चढ़ा ?

oneself (object) — अपने को

He tried to kill himself twice. — उस ने अपने को २ बार मारने की कोशिश की ।

equipped — लैस

What should a soldier be equipped with for going into battle? — सिपाही को लड़ाई में किन किन चीज़ों से लैस होकर जाना चाहिये ?

axe — कुल्हाड़ी (ii)

That axe is very sharp. — वह कुल्हाड़ी बड़ी तेज़ है ।

nail, spike — कील (ii)

Mountain climbers use shoes with spikes on them. — पहाड़ पर चढ़ने वाले कीलों वाले जूतों का प्रयोग करते हैं ।

एवरेस्ट-विजय

भारत के उत्तर में हिमालय, दुनियां का सबसे ऊंचा पहाड़ है । इसकी चोटी "एवरेस्ट", दुनियां की सबसे ऊंची चोटी है । एवरेस्ट नेपाल-तिब्बत सीमा पर स्थित है । चोटी की ऊंचाई २९,१४१ फ़ीट है । यह क़रीब क़रीब साढ़े पांच मील है । एवरेस्ट सारे साल बर्फ़ से

rope	रस्सी (ii)
Nylon rope is best for mountain climbing.	पहाड़ पर चढ़ने के लिये नाइलॉन की रस्सी सबसे अच्छी होती है ।
tent	ख़ेमा (aa)
Mountain climbers keep their tents with them.	पहाड़ों पर चढ़ने वाले अपने ख़ेमे अपने साथ रखते हैं ।
icy	बर्फ़ीला
The water in the river is very icy.	नदी का पानी बहुत बर्फ़ीला है ।
above	ऊपर
There are offices above this shop.	इस दूकान के ऊपर दफ़्तर हैं ।
breath	सांस (ii)
He wasn't able to catch his breath.	वह सांस भी नहीं ले सका ।
alive	ज़िन्दा
Fresh air is necessary in order to stay alive.	ज़िन्दा रहने के लिये ताज़ी हवा ज़रूरी है ।
step	क़दम (aa)
Education is the first step toward progress.	शिक्षा विकास की तरफ़ पहला क़दम है ।
cold, cold weather	सर्दी (ii)
In the Himalayas people sometimes die of the cold.	हिमालय पर कभी कभी लोग सर्दी से मर जाते हैं ।

ढका रहता है ।

पहाड़ों पर चढ़ने वाले, अपने को सभी ज़रूरी चीज़ों से लैस करके, पहाड़ों पर चढ़ते हैं । उनके पास ये चीज़ें होती हैं -- बर्फ़ काटने की कुल्हाड़ी, कील वाले जूते, ख़ास कपड़े, ख़ास टोपी, ख़ास चश्मे, नाइलॉन की रस्सियां, वग़ैरह वग़ैरह । उनके पास ख़ास ख़ेमे होते हैं जिनमें वे रात को सोते हैं और बर्फ़ीली आंधियों से बचते हैं ।

ज़्यादा ऊंचाई पर चढ़ने वालों को एक ख़ास दिक़्क़त होती है । जैसे जैसे वे ऊपर चढ़ते हैं, हवा में ऑक्सीजन की कमी होती जाती है । नतीजा यह होता है कि सांस लेने में दिक़्क़त होती है । ऑक्सीजन के बग़ैर आदमी बहुत देर तक ज़िन्दा नहीं रह सकता । हर क़दम पर उसको आराम करना पड़ता है । इसके लिये वे ऑक्सीजन सेपरेटस इस्तेमाल करते हैं

saliva	थूक (aa)
Doctors examine the saliva of the sick.	डाक्टर बीमार का थूक देखते हैं ।
different, various	भिन्न
There are people of many different races in America.	अमरीका में भिन्न भिन्न जातियों के लोग हैं ।
disappointed	निराश
If it rains today, people will be greatly disappointed.	अगर आज बारिश हुई तो लोग बहुत निराश होंगे ।
man, human being	मनुष्य (aa)
Man cannot live without rest.	मनुष्य आराम के बिना नहीं रह सकता ।
courage	हिम्मत (ii)
The battle was won through the courage of a single man.	लड़ाई केवल एक ही आदमी की हिम्मत से जीती गई ।
investigation, survey	छानबीन (ii)
The Senate conducted an investigation of this matter.	सेनेट ने इस मामले की छानबीन की ।
group	जत्था (aa)
A group of workers here have formed a club.	कर्मचारियों के एक जत्थे ने यहां एक क्लब बनाया ।
leader	नेता (aa)
Nehru is the leader of the Congress Party.	नेहरू कांग्रेस पार्टी के नेता हैं ।
valley	घाटी (ii)
The valley of Kashmir is very beautiful.	काश्मीर की घाटी बहुत सुन्दर है ।

जिनमें ऑक्सीजन भरी होती है । ऊपर इतनी सर्दी होती है कि थूक बर्फ़ होकर नीचे गिरती है ।

एवरेस्ट पर चढ़ने के लिये बहुत कोशिशें की जा चुकी हैं । भिन्न भिन्न देशों के लोग आये, लेकिन निराश लौटे । कुछ रास्ते में ही मर गये । लेकिन मनुष्य की हिम्मत नहीं टूटी ।

पहले बार १९२१ में एवरेस्ट की छानबीन की गई । १९२२ में एवरेस्ट पर चढ़ने की दूसरी कोशिश की गई । उस जत्थे के नेता ब्रिगेडियर जेनरल सी.जी. ब्रूस थे । मैलोरी और इरविन, जो १९२४ में २८,२३० फ़ीट तक चढ़ चुके थे अपनी कहानी सुनाने के लिये वापस नहीं आ सके । १९३५ के पहले एवरेस्ट पर चढ़ने की जो कोशिशें की गई थीं, वे उत्तर से की गई थीं । वे २८,०००

steep	ढालू
That hill is too steep for me.	वह पहाड़ मेरे लिये बहुत ढालू है ।
slippery	फिसालू
When it rains, this road becomes very slippery.	बारिश होने पर यह सड़क बहुत फिसालू हो जाती है ।
terrible, dreadful	डरावना
War is a terrible thing.	लड़ाई बड़ी डरावनी होती है ।
light	रोशनी (ii)
The moonlight on the lake is beautiful.	झील पर चांद की रोशनी बहुत सुन्दर है ।
party	दल (aa)
The Republican Party won the election.	रिपब्लिकन दल ने चुनाव जीता ।
enchanting, fascinating	मोहक
The children are always ready to listen to grandmother's fascinating stories.	दादी की मोहक कहानियां सुनने के लिये बच्चे हमेशा तैयार रहते हैं ।
sight, scenery	दृष्य (aa)
Have you seen all the sights in Washington?	क्या आपने वाशिंगटन के सारे दृष्य देखे हैं ?

फ़ीट से ज़्यादा न जा सके । उसके ऊपर एक घाटी ने बड़ी मुश्किल समस्या पैदा कर दी । घाटी बहुत ढालू और फिसालू थी और वह एक और घाटी से मिलती थी जो और ज़्यादा डरावनी थी । इसके अलावा वहां हमेशा बर्फ़ीली आंधियां चलती थीं । पश्चिमी और दक्षिनी घाटी, जिससे १९५२ और १९५३ में ब्रिटिश और स्विस गये, एक बर्फ़ीली घाटी है । इस घाटी में चढ़ने वाले बर्फ़ीली आंधियों से बच सकते हैं और ज़्यादा देर तक सूरज की रोशनी मिलती है ।

तेनसिंग १९५२ में रेमन्ड लैम्बर्ट के साथ बौवसोजन के बग़ैर २८,२१० फ़ीट तक चढ़े थे । ये दोनों स्विस दल में थे । १९५३ में एक ब्रिटिश दल एवरेस्ट पर चढ़ने के लिये गया । इस दल के नेता कर्नल हंट थे । इस दल के मेम्बरों में दो नाम हमेशा इतिहास में रहेंगे -- तेनसिंग और हिलरी । तेनसिंग का पूरा नाम तेनसिंग नोरके है और वे नेपाल के रहने वाले हैं । एडमंड हिलरी न्यू ज़ीलैंड से हैं । कहते हैं कि वहां कोई मोहक दृष्य नहीं है । बर्फ़ से ढके पहाड़ों के अलावा कुछ साफ़ नज़र नहीं आता ।

Questions

१ दुनियां का सबसे ऊंचा पहाड़ कहां है ?

२ एवरेस्ट कहां स्थित है ?

३ पहाड़ों पर चढ़ने वालों के पास क्या क्या चीज़ें होती है ?

४ ऊंचे चढ़ने वालों को क्या ख़ास दिक़्क़त होती है ?

५ १९५३ में किस देश का दल एवरेस्ट पर चढ़ने के लिये गया ?

६ इस दल के दो मशहूर आदमी कौन थे ?

७ ये दोनों कहां के रहने वाले हैं ?

Christ — ईसा

What were the teachings of Christ? — ईसा की शिक्षा क्या थी ?

rule — राज (aa)

The British tried to extend their rule. — अंग्रेज़ों ने अपना राज बढ़ाने की कोशिश की ।

courtier — दरबारी (aa)

The king suspected some of his courtiers. — राजा को अपने कुछ दरबारियों पर शंका थी ।

crazy — पागल

Many people think that poets are crazy. — बहुत लोग कवियों को पागल समझते हैं ।

honey — शहद (aa)

Good honey is available here. — यहां अच्छा शहद मिलता है ।

astonished, thunderstruck — चकित

Everyone was astonished at the news. — सब लोग यह ख़बर सुनकर चकित रह गये ।

beginning — आरम्भ (aa)

So far no one knows anything about the beginning of the world. — दुनियां के आरम्भ का अभी तक किसी को पता नहीं ।

fame — धूम (ii)

His fame spread all over the world. — सारी दुनियां में उसके नाम की धूम मच गई ।

named — नामक

A friend of mine named Ram is coming to visit me. — राम नामक मेरा एक दोस्त मुझसे मिलने आ रहा है ।

आइसक्रीम की कहानी

तुम में से सबों ने कभी न कभी आइसक्रीम ज़रूर खाया होगा । गर्मी में आइसक्रीम खाने में बहुत अच्छा लगता है । ईसा के ६२ साल पहले रोम में नीरो नाम का एक राजा राज करता था । वह नये नये प्रयोग करने के लिये मशहूर था । एक दिन उसने सोचा कि बर्फ़ खाई जाये । उसके दरबारियों ने उसको पागल समझा । लेकिन जब नौकरों से बर्फ़ मंगवा कर उसने शहद और फलों के साथ खाना शुरू किया तो सभी चकित रह गये । उसके बाद सभी धनी लोग बर्फ़ खाने लगे । शायद खाने के रूप में बर्फ़ का यह पहला प्रयोग था । यह तो बहुत पुरानी बात हुई । उसके बाद आइसक्रीम की तरह वस्तु खाने का आरम्भ चीन के लोगों ने किया । आज से १२०० साल पहले

factory	कारख़ाना (aa)
Planes are made in this factory.	इस कारख़ाने में ह्वाई जहाज़ बनते हैं ।
quantity	मात्रा (ii)
Coffee is produced in large quantity in South India.	दक्खिन भारत में काफ़ी बहुत बड़ी मात्रा में पैदा होती है ।
sugar	चीनी (ii)
Many people like to drink milk with sugar.	बहुत लोग दूध में चीनी डाल कर पीना पसन्द करते हैं ।
flour	आटा (aa)
This flour was imported from America.	यह आटा अमरीका से आयात किया गया था ।
to freeze (transitive)	जमाना
to make ice cream	आइसक्रीम जमाना
It's easy to make ice cream at home.	घर में आइसक्रीम जमाना आसान है ।
dysentery	पेचिश (ii)
He got dysentery while travelling in the South.	दक्खिन में यात्रा करते समय उसे पेचिश की शिकायत हो गई ।
fear	डर (aa)
He turned pale with fear.	डर से वह-पीला हो गया ।

मार्को पोलो ने इटली में आइसक्रीम का प्रचार किया और सारे यूरप में उसकी धूम मच गई ।

लेकिन आज के आइसक्रीम को अमरीका में बनाया गया । १८५१ में जेकब फ़ुसेल* नामक एक व्यापारी ने वाशिंगटन और बाल्टीमोर में आइसक्रीम के कारख़ाने खोले । इसके पहले लोग आइसक्रीम थोड़ी थोड़ी मात्रा में अपने घरों में बनाते थे । कहा जाता है कि आइसक्रीम का इतना प्रचार हुआ कि किसी आदमी ने एक महीने में एक सौ डालर का आइसक्रीम खाया ।

पिछली लड़ाई में कई देशों में मक्खन, दूध, और चीनी की इतनी कमी हो गई थी कि आइसक्रीम में दूध का पाउडर और सैकरिन का इस्तेमाल होने लगा । कुछ देशों में आइसक्रीम में आटा भी इस्तेमाल किया जाने लगा । कई ऐसे पाउडर बनाये गये जिनको पानी या दूध में डाल कर आइसक्रीम जमाया जाने लगा । लेकिन इस तरह के पाउडर से बने आइसक्रीम से पेचिश का डर रहता है । इसलिये कई देशों में इसके लिये क़ानून बना दिये गये हैं ।

*Jacob Fussel

artificial	कृत्रिम
This sari is made of artificial silk.	यह साड़ी कृत्रिम रेशम की बनी है ।
means, method	ढंग (aa)
By what means can this problem be solved?	इस समस्या का किस ढंग से हल हो सकता है ?
cotton	कपास (aa)
The price of cotton increased last year.	पिछले साल कपास की क़ीमत बढ़ गई ।
advantage, profit	फ़ायदा (aa)
What were the advantages of British rule?	अंग्रेज़ी राज के फ़ायदे क्या क्या थे ?
savings	बचत (ii)
He's living on his father's savings.	वह अपने बाप की बचत से अपना पेट पाल रहा है ।
food	भोजन (aa)
Milk is the main food of children.	दूध बच्चों का मुख्य भोजन है ।
surprise	आश्चर्य (aa)
This is no matter for surprise.	यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है ।
dirty	गन्दा
Your hands are dirty, go wash them.	तुम्हारे हाथ गन्दे हैं, जाओ साफ़ करो ।
germ	कीटाणु (aa)
Dysentery is caused by germs.	कीटाणु पेचिश पैदा करते हैं ।

तुमने **कृत्रिम** लाने के बारे में सुना होगा । ठीक उसी तरह अब आइसक्रीम भी **कृत्रिम** ढंग से बनाया जाने वाला है । कहा जाता है, अब आइसक्रीम में दूध और मक्खन नहीं डाला जायेगा । उसकी **जगह** सोयाबीन और कपास के बीज का पाउडर डाला जायेगा । इससे दो फ़ायदे होंगे । आइसक्रीम सस्ता मिलेगा और दूध और मक्खन की बचत होगी ।

अमरीका में आइसक्रीम को दूध और मक्खन की ही तरह मुख्य भोजन माना जाता है । शायद तुम्हें यह जानकर आश्चर्य होगा कि मां-बाप या शिक्षक बच्चों को आइसक्रीम खाते देख कर खुश नहीं होते । उनके खुश नहीं होने का कारण है । आइसक्रीम अगर गन्दा हो तो उसमें ऐसे कीटाणु पैदा हो सकते हैं जो पेचिश या हैज़े का कारण बन सकते हैं । यही कारण है

cholera	हैज़ा (aa)
Several people in this village have cholera.	इस गांव में कई लोगों को हैज़े की शिकायत है ।
cleanliness	सफ़ाई (ii)
All children should be taught to observe cleanliness.	सब बच्चों को सफ़ाई रखना सिखाना चाहिये ।
careful	सावधान
We must be careful about our food.	हमें अपने खाने की बाबत सावधान रहना चाहिये ।

कि आइसक्रीम बनाने में सफ़ाई का सबसे अधिक ख़्याल रखना चाहिये । तुम्हें गन्दे आइसक्रीम से हमेशा सावधान रहना चाहिये ।

Questions

१ आइसक्रीम खाना कब ख़ास कर अच्छा लगता है ?
२ नीरो कहां राज करता था ?
३ उसने बर्फ़ को किसके साथ खाया ?
४ इटली में आइसक्रीम का प्रचार सबसे पहले किसने किया ?
५ अमरीका में सबसे पहले आइसक्रीम के कारख़ानों को किसने खोला ?
६ ये कारख़ाने कहां थे ?
७ पिछली लड़ाई के समय आइसक्रीम बनाने में किसका इस्तेमाल किया गया ?
८ दूध और मक्खन के बजाय आइसक्रीम में अब क्या डाला जायेगा ?
९ इससे क्या फ़ायदे होंगे ?
१० आइसक्रीम बनाने में सफ़ाई का क्यों ध्यान रखना चाहिये ?

scientific; scientist — वैज्ञानिक

This book was written by some American scientist. — यह किताब किसी अमरीकी वैज्ञानिक ने लिखी है ।

great — महान

George Washington was a great man. — जार्ज वाशिंगटन एक महान आदमी थे ।

chemistry — रसायन (aa)

the science of chemistry — रसायन-शास्त्र (aa)

He studies chemistry at the University. — वह यूनिवर्सिटी में रसायन-शास्त्र पढ़ता है ।

discovery — खोज (ii)

The discovery of America occurred in 1492. — अमरीका की खोज १४९२ में हुई ।

father — पिता (aa)

Gandhi is called the father of the nation. — गांधी को राष्ट्र-पिता कहते हैं ।

person — व्यक्ति (ii)

He is acquainted with many famous persons. — वह बहुत प्रसिद्ध व्यक्तियों को जानता है ।

admitted — दाख़िल

When was she admitted to school? — वह स्कूल में कब दाख़िल हुई ?

science — विज्ञान (aa)

He teaches science in high school. — वह हाई स्कूल में विज्ञान पढ़ाता है ।

examination — इम्तहान (aa)

(of a student) to take an exam — इम्तहान देना

I'm taking the exam on Friday. — मैं शुक्रवार को इम्तहान दे रहा हूं ।

डाक्टर प्रफुल्ल चन्द्र राय

डा. पी.सी. राय भारत के वैज्ञानिकों में एक महान स्थान रखते हैं । इन्होंने रसायन-शास्त्र में नई नई खोजें कीं । इनका जन्म १८६१ में बंगाल के एक छोटे से गांव में हुआ था । इनके पिता, श्री जगदीश चन्द्र राय, भी एक प्रसिद्ध व्यक्ति थे । उन्होंने एक पाठेत स्कूल खोला था। प्रफुल्ल की प्रारंभिक तालीम इसी स्कूल में हुई । उसके बाद वे कलकत्ते के अलबर्ट स्कूल और फिर प्रेज़िडेंसी कालेज में दाख़िल हुये । वहां वे विज्ञान पढ़ने लगे । जब वे वहां पढ़ रहे थे, उन्होंने गिलक्राइस्ट वज़ीफ़े के लिये तैयारी की । यह वज़ीफ़ा इंगलैंड में पढ़ने के लिये था और इसे पाने

chemical	रासायनिक
The government is giving a lot of money for chemical research.	सरकार रासायनिक रिसर्च के लिये बहुत पैसे दे रही है ।
to be printed, be published	छपना
When Tagore's first book was published, he was only 16 years old.	जब टैगोर की पहली किताब छपी तब वे केवल १६ साल के थे ।
chemical laboratory	रसायन-शाला (ii)
This chemical laboratory is famous throughout the scientific world.	यह रसायन-शाला सारी वैज्ञानिक दुनियां में प्रसिद्ध है ।
study	अध्ययन (aa)
He is making a study of Hindi literature.	वह भारतीय साहित्य का अध्ययन कर रहा है ।
medicine, drug	दवा (ii)
The doctor gave him some medicine for his cold.	डाक्टर ने उसे ज़ुकाम की दवा दी ।
foundation	नींव (ii)
The foundation for the bank was laid last month.	बैंक की नींव पिछले महीने रखी गई ।
life	जीवन (aa)
He did many important things in his life.	उसने अपने जीवन में बहुत महत्वपूर्ण काम किये ।
importance	महत्व (aa)
This work is of great importance.	यह काम बड़े महत्व का है ।

के लिये इम्तहान देना पड़ता था । वे सफल हुये और १८८२ में वे इंगलैंड चले गये । वहां उन्होंने एडिनबरा यूनिवर्सिटी में ६ साल पढ़ा । जब वे डी.एस.सी.की डिग्री लेकर १८८९ में हिंदुस्तान वापस आये तो कलकत्ते के प्रेसिडेंसी कालेज में प्रोफ़ेसर हुये । १८९६ से १९०३ तक इन्होंने जो कुछ रासायनिक रिसर्च किया वह "Chemical Research at the Presidency College" के नाम से छपा । १९०४ में बृटिश सरकार ने इन्हें यूरप की रसायन-शालाओं के अध्ययन के लिये भेजा ।

आप लोगों ने 'बंगाल केमिकल ऐन्ड फ़ार्मैस्यूटिकल वर्क्स' का नाम सुना होगा । यह कारख़ाना हिंदुस्तान में दवाएं तैयार करने का सबसे बड़ा कारख़ाना है । जब डाक्टर राय प्रोफ़ेसर थे तब उन्होंने ८०० रुपयों की छोटी पूंजी से इसकी नींव डाली थी ।

दिसम्बर १८९५ डा. राय के जीवन में बहुत महत्व रखता है । इस महीने में इन्होंने

gift	देन (ii)
Happiness is a gift of God.	सुशी सुदा को देन है ।
details	ब्यौरा, ब्यौरा (aa)
Give me full details of your trip.	मुझे अपनी यात्रा का पूरा ब्यौरा दो ।
proved	साबित
to prove	साबित करना
What did his discovery prove?	उसकी खोज ने क्या साबित किया ?
to retard	पिछड़ना
retarded, backward	पिछड़ा
We are giving aid to backward countries.	हम पिछड़े हुये देशों की मदद कर रहे हैं ।
genuine, real (when applied to houses, roads, etc., "made of stone, brick, or cement")	पक्का
He is a real friend of mine.	वह मेरा पक्का दोस्त है ।
simple	साधारण
The development of India is no simple matter.	भारत का विकास कोई साधारण बात नहीं ।
to spend, to pass	बिताना
He spent his whole life in this village.	उसने अपना सारा जीवन इस गांव में बिताया ।
homespun cloth	खादी (ii)
Gandhiji popularized homespun cloth throughout India.	गांधी जी ने सारे भारत में खादी का प्रचार किया ।

वैज्ञानिक दुनियां को अपनी पहली देन 'मरक्यूरस नाइट्रेट' दी । इसकी कमी लोग बहुत दिनों से महसूस कर रहे थे और बहुत से वैज्ञानिक इस पर काम कर रहे थे । लेकिन डा. राय ही इसमें सफल रहे । इसके बाद डा. राय ने बहुत खोजें कीं । अगर इनकी सारी खोजों का पूरा ब्यौरा लिखा जाये तो एक बड़ी किताब तैयार हो सकती है । इसके अलावा उन्होंने अपनी खोजों के आधार पर और पुरानी संस्कृत किताबें पढ़ कर एक किताब लिखी । उसका नाम 'भारतीय रसायन-शास्त्र का इतिहास' है । इस किताब में इन्होंने यह साबित किया है कि रसायन-शास्त्र भारत के लिये नया नहीं है । जब पश्चिमी देश पिछड़े हुये थे तब भी भारत इस विज्ञान में बहुत आगे बढ़ा हुआ था ।

डा. राय एक पक्के देशभक्त थे । वे साधारण जीवन बिताते थे और खादी पहनते थे ।

devotee; a Hindu priest	पुजारी (aa)
Thousands of devotees go to Benares every month.	हज़ारों पुजारी हर महीने बनारस जाते हैं ।
famine	अकाल (aa)
When did the famine occur in Bengal?	बंगाल में अकाल कब पड़ा ?

वे सादी के पुजारी थे और कहा करते थे कि सादी ही हमारे आर्थिक विकास की कुंजी है । देश में जब भी और जहां भी अकाल होता था वे खुद जाकर लोगों की सेवा करते थे ।

Questions

१ डा. पी.सी. राय कौन थे ?
२ उन्होंने किस क्षेत्र में खोजें कीं ?
३ इनका जन्म कहां हुआ था ?
४ इनके पिता कौन थे ?
५ प्रफुल्ल की प्रारंभिक तालीम कहां हुई थी ?
६ उन्होंने विज्ञान कहां पढ़ा था ?
७ उन्हें कौन सा वज़ीफ़ा मिला ?
८ इंगलैंड में उन्हें कौन सी डिग्री मिली ?
९ दवाएं तैयार करने के हिंदुस्तान में सबसे बड़े कारख़ाने का क्या नाम है ?
१० सादी के विषय में डा. राय क्या कहते थे ?

saint, holy man	संत (aa)
The saint devoted his life to the welfare of the poor.	संत ने अपना जीवन ग़रीबों की भलाई में लगा दिया ।
simplicity	सादगी (ii)
Gandhiji was famous for the simplicity of his life.	गांधी जी अपने जीवन की सादगी के लिये मशहूर थे ।
farmer	किसान (aa)
The farmers live in small houses.	किसान छोटे मकानों में रहते हैं ।
love	प्यार (aa)
A mother's love is essential for a child.	मां का प्यार बच्चे के लिये ज़रूरी होता है ।
craftmanship	कारीगरी /kariigarii/ (ii)
Foreigners are astonished at Indian craftmanship.	विदेशी लोग हिंदुस्तान की कारीगरी देख कर ताज्जुब करते हैं ।
to pull, extract	खींचना
to take pictures; photography	तसवीर खींचना
Photography is taught in this school.	इस स्कूल में तसवीर खींचना सिखाया जाता है ।
consciousness	चेतना (ii)
National consciousness spread among the people.	लोगों में राष्ट्रीय चेतना फैल गई ।
wave	लहर (ii)
A wave of patriotism came after the war.	लड़ाई के बाद देशभक्ति की एक लहर आई ।

संत विनोबा भावे

आपने विनोबा भावे का नाम सुना होगा । वे बड़ी सादगी से रहते हैं । हिंदुस्तान के लोग उनको संत कहते हैं । वे आजकल गांवों के किसानों की भलाई में लगे हैं । ग़रीब किसानों के पास खेती के लिये काफ़ी ज़मीन नहीं है । वे, जिनके पास ज़्यादा ज़मीन है, उनसे प्यार से ज़मीन मांग कर ग़रीबों को दे रहे हैं ।

विनोबा का जन्म बम्बई के कोलाबा ज़िले के एक छोटे गांव में हुआ था । उस गांव का नाम गंगोदे है । इनके बाप बड़ौदा में कारीगरी सीखने चले गये । इसलिये विनोबा भी बड़ौदा गये और वहां पढ़ने लगे । इनके बाप यह चाहते थे कि विनोबा कोई कारोबार सीखें । इसलिये विनोबा को तसवीर खींचना सिखाया गया ।

marriage, wedding	शादी (ii)
Parents have to take a lot of trouble for the marriage of their children.	मां-बाप को बच्चों की शादी में बहुत तक्लीफ़ उठानी पड़ती है ।
decision	फ़ैसला (aa)
This decision of the court is very important.	अदालत का यह फ़ैसला बहुत महत्त्वपूर्ण है ।
marriage, wedding	विवाह (aa)
unmarried	अविवाहित
Catholic priests have to remain unmarried.	कैथोलिक पादरियों को अविवाहित रहना पड़ता है ।
influence	असर (aa)
Parents have a great influence on their children.	मां-बाप का असर बच्चों पर बहुत पड़ता है ।
disposition, temper	मिज़ाज (aa)
His wife has a very sharp temper.	उसकी बीवी का मिज़ाज बहुत तेज़ है ।
to bow, to incline	झुकना
The slave had to bow ten times.	गुलाम को १० दफ़ा झुकना पड़ा ।
an ascetic	सन्यासी (aa)
An ascetic has very few needs.	एक सन्यासी की ज़रूरतें बहुत कम होती है ।
duty	ज़िम्मा (aa)
responsible	ज़िम्मेदार
responsibility	ज़िम्मेदारी (ii)
Responsibilityincreases after marriage.	शादी के बाद ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है ।
to run away	भागना
He took the purse and ran away.	वह बटुआ लेकर भागा ।

उन दिनों हिंदुस्तान में राष्ट्रीय चेतना की एक लहर थी । बहुत से नौजवान शादी न करके देश की सेवा करना चाहते थे । विनोबा ने भी शादी न करने का फ़ैसला किया । वे आज तक अविवाहित हैं ।

देश में राजनीति की काफ़ी चर्चा थी । विनोबा पर भी उसका असर पड़ा । विनोबा बड़े तेज़-मिज़ाज थे, इसलिये तिलक के विचारों का उन पर ज़्यादा असर पड़ा । उनके पिता उनको ऊंची शिक्षा देना चाहते थे । लेकिन विनोबा मज़हब की तरफ़ झुक रहे थे । वे बनारस चले गये और संस्कृत पढ़ने लगे ।

calculation	गिनती (ii)
he is counted among them	उसकी गिनती उनमें है
Bacchan is counted among the great Hindi poets.	बच्चन की गिनती हिन्दी के बड़े कवियों में है।
devotee	भक्त (aa)
Devotees of Sri Krishna come here in thousands.	यहां श्री कृष्ण के भक्त हज़ारों आते हैं ।
progress, improvement	उन्नति (ii)
Germany made very rapid progress after the war.	लड़ाई के बाद जर्मनी ने बड़ी जल्दी उन्नति की।
faith, belief	**विश्वास** (aa)
The President has complete faith in Mr. Dulles.	राष्ट्रपति को श्री डलेस पर पूरा विश्वास है ।
religious	धार्मिक
The government should not interfere in religious matters.	सरकार को धार्मिक मामलों में नहीं पड़ना चाहिये ।
according to	के मुताबिक
According to the papers, it's going to rain tomorrow.	अखबारों के मुताबिक कल बारिश होगी ।
writer	लेखक (aa)
A writer is generally poor.	आम तौर पर लेखक ग़रीब होता है ।
rich man	अमीर (aa)
The children of rich men don't have to work.	अमीरों के बच्चों को काम नहीं करना पड़ता है।

विनोबा सन्यासी बन कर दुनियां की ज़िम्मेदारी से भागना नहीं चाहते थे । वे देश की सेवा करना चाहते थे । उन्हीं दिनों महात्मा गांधी दक्षिण अफ्रीका से हिंदुस्तान आये और साबरमती में रहने लगे । विनोबा ने गांधी जी को चोठियां लिखीं और उनके साथ रहने लगे । शुरू में उनकी ओर किसी ने ध्यान न दिया । लेकिन कुछ ही दिनों में उनकी **गिनती** गांधी जी के खास भक्तों में होने लगी ।

विनोबा देश की आज़ादी को **उसकी** उन्नति के लिये बहुत ज़रूरी समझते थे । उनका **विश्वास** था कि बिना खादी-प्रचार के आज़ादी नहीं मिल सकती । इसलिये उन्होंने खादी का एक केन्द्र खोला ।

विनोबा बहुत धार्मिक हैं । 'गीता' को उन्होंने अच्छी तरह समझा है और वे उसके मुताबिक काम करते हैं । गांधी जी के विचारों को भी उन्होंने ठीक ठीक समझा है और जनता के सामने रखा है ।

विनोबा एक अच्छे शिक्षक और लेखक भी हैं । उनके लेखों का एक संग्रह मराठी में छपा है ।

love	प्रेम (aa)
In India, love begins after marriage.	भारत में प्रेम विवाह के बाद शुरू होता है ।
non-violence	अहिंसा (ii)
India won its freedom through non-violence.	भारत को आज़ादी अहिंसा से मिली ।
concern, care	परवाह (ii)
to care	परवाह करना
The children don't care about the cold.	बच्चे सर्दी की परवाह नहीं करते ।
aim, goal	उद्देश्य (aa)
The aim of my life is to help children.	मेरे जीवन का उद्देश्य बच्चों की मदद करना है।
to complete	पूरा करना
It will take a month to complete this lesson.	इस सबक़ को पूरा करने में एक महीना लगेगा ।

विनोबा गांव गांव में जा कर शिक्षा देते हैं । वे कहते हैं कि ज़्यादा काम करने से ही आदमी खुश रह सकता है । वे अमीरों से ज़मीन मांग कर ग़रीबों को देते हैं । उनका तरीका प्रेम और अहिंसा है ।

विनोबा उन लोगों में हैं जो नाम की परवाह नहीं करते । उनका उद्देश्य सेवा करना है । वे दूसरों को तक्लीफ़ नहीं देस सकते । वे चाहते हैं कि हर आदमी को काफ़ी खाना और कपड़ा मिले । हर आदमी के पास रहने के लिये अच्छा घर हो । गांधी के काम को वे पूरा करना चाहते हैं । देश को उनसे बड़ी उम्मीद है ।

Questions

१ हिंदुस्तान के लोग विनोबा भावे को क्या कहते हैं ?
२ वे आजकल किस काम में लगे हैं ?
३ विनोबा का जन्म कहां हुआ था ?
४ उनके बाप कहां चले गये थे ?
५ विनोबा ने शादी न करने का फ़ैसला क्यूं किया ?
६ उन्होंने बनारस में क्या पढ़ा ?
७ विनोबा किसके ख़ास मक़ माने जाते हैं ?
८ देश की उन्नति के लिये वे क्या चीज़ ज़रूरी समझते हैं ?
९ विनोबा के जीवन का क्या उद्देश्य है ?

paddy, (unhusked) rice

South India is an important area for rice growing.

धान (aa)

दक्खिन भारत धान की खेती के लिये एक महत्वपूर्ण इलाक़ा है ।

to grow, raise

We should also grow more fruit.

उपजाना

हमें बधिक फल भी उपजाने चाहिये ।

to sow, plant

It is very hard to sow in the rainy season.

बोना

वर्षा के मौसम में बोना बहुत मुश्किल होता है ।

a maund (82 lbs.)

It costs Rs. 3 per maund to send baggage to Bombay.

मन (aa)

बम्बई सामान भेजने का किराया ३ रुपये फ़ी मन है ।

per

The school fees are Rs. 10 per child.

फ़ी

स्कूल में फ़ीस १० रु० फ़ी बच्चा है ।

instead of

He wanted whiskey instead of water.

के बजाय

उसे पानी के बजाय विस्की चाहिये थी ।

crop

How is the rice crop this year?

फ़सल (ii)

इस साल चावल की फ़सल कैसी है ?

hard work

मेहनत (aa)

hard-working, industrious

मेहनती

The doctors in this hospital are very hard-working.

इस अस्पताल में डाक्टर बहुत मेहनती होते हैं ।

useless

This map is useless to me.

बेकार

मेरे लिये यह नक़्शा बेकार है ।

बधिक धान उपजाओ

हमारी सरकार इस बात की कोशिश कर रही है कि हर आदमी को पेट-भर खाना मिल सके । इसलिये पैदावार बढ़ाने के लिये नये से नये तरीक़े काम में लाये जा रहे हैं । जापानी ढंग से धान उपजाने का तरीक़ा बहुत सफल हुआ है । हमारे देश में १.५ मिलियन एकड़ में जापानी तरीक़े से धान बोया जायेगा । पैदावार २० मन फ़ी एकड़ के बजाय ३५ मन फ़ी एकड़ हो सकती है । इस तरह हम ७५०,००० टन ज़्यादा धान पैदा कर सकेंगे । भारत में बहुत सी ज़मीन में धान की खेती की जाती है । अगर हम जापानी ढंग से खेती करें तो धान की फ़सल में बहुत

advantage, gain	लाभ (aa)
to derive advantage, to profit	लाभ उठाना
Children profit from reading good stories.	बच्चे अच्छी कहानियां पढ़ने से लाभ उठाते हैं ।
plant	पौधा (aa)
This climate is good for most kinds of plants.	क़रीब क़रीब सभी पौधों के लिये यह मौसम अच्छा है ।
field	खेत (aa)
Rice fields are usually full of water.	आम तौर पर धान के खेत पानी से भरे रहते हैं ।
furrow	क्यारी (ii)
The furrows should be absolutely straight.	क्यारियां बिल्कुल सीधी होनी चाहिये ।
to plant	लगाना
Trees are being planted along the road.	सड़क के साथ-साथ पेड़ लगाये जा रहे हैं ।
harvest	कटनी (ii)
At harvest time the farmers are very busy.	कटनी के समय किसान बहुत व्यस्त होते हैं ।
plow	हल (aa)
All the farmers do not have their own plows.	हर किसान के पास अपने हल नहीं होते ।
deep	गहरा
Where is the deepest spot in the ocean?	कौन सी जगह समुद्र में सबसे गहरी है ?

उन्नति हो सकती है ।

जापानी किसान बड़े मेहनती होते हैं । वे खेती के लायक ज़रा भी ज़मीन बेकार नहीं रहने देते । उन्होंने अपनी पैदावार बहुत बढ़ा ली है । भारत के किसान भी इससे बहुत लाभ उठा सकते हैं । इस तरीक़े में ५ हिस्से हैं । सबसे पहला काम यह है कि जिन क्यारियों में धान का पौधा लगाना है उन्हें अच्छी तरह तैयार किया जाये । धान की फ़सल की कटनी के बाद खेत में हल चलाना चाहिये । ज़मीन कम से कम चार पांच इंच गहरी जोती जानी चाहिये । एक एकड़

to till, to plow	जोतना
With a tractor, many acres of land can be tilled in one day.	ट्रैक्टर से एक दिन में काफ़ी एकड़ ज़मीन जोती जा सकती हैं ।
cowdung	गोबर (aa)
The farmers generally use cowdung in their stoves.	ज़्यादातर किसान गोबर को चूल्हे में इस्तेमाल करते हैं ।
fertilizer, manure	खाद (ii)
What kind of fertilizer is best for paddy?	कौन सी खाद धान के लिये सबसे अच्छी है ?
to mix	मिलाना
Milk is mixed with sugar to make a type of sweet.	दूध और चीनी एक मिठाई बनाने के लिये मिलाई जाती है ।
so that	ताकि
The Chief Minister is taking a tour so that he can meet people.	मुख्य मंत्री दौरा कर रहे हैं ताकि वे लोगों से मिल सकें ।
to weed	निराना
(act of) weeding	निराई (ii)
The whole family takes part in the weeding.	निराई में सारा परिवार भाग लेता है ।
surface	सतह (ii)
The dam rises 500 feet above the surface of the water.	बांध पानी की सतह से ५०० फुट है ।
layer	तह (ii)
The roads are closed due to a thick layer of snow.	सड़कें बर्फ़ की गहरी तह की वजह से बंद हैं ।
to be spread	बिछना
to spread	बिछाना
Spread a blanket on the ground.	ज़मीन पर कम्बल बिछाओ ।

में २० टन गोबर की खाद डाल कर उसे मिलाना चाहिये । हर क्यारी ज़मीन से ३ इंच ऊंची हो और हर क्यारी के बाद एक फुट जगह हो ताकि निराई में दिक़्क़त न हो । हर क्यारी की सतह पर ८ इंच खाद की तह बिछा दी जाये । यह इस लिये किया जाता है कि धान के

root	जड़ (ii)
The roots of this tree go deep into the ground.	इस पेड़ की जड़ें ज़मीन में बहुत दूर तक जाती हैं।
upper	ऊपरी
The upper part of the mountain is covered with snow.	पहाड़ का ऊपरी भाग बर्फ़ से ढका है ।
to spread (intrans.)	फैलना
The news is spreading all over the country.	यह ख़बर सारे देश में फैल रही है ।
to be uprooted	उखड़ना
to uproot	उखाड़ना
The flood uprooted several big trees.	बाढ़ ने कई बड़े बड़े पेड़ उखाड़े ।
ashes	राख (ii)
In India pots are cleaned with ashes.	हिन्दुस्तान में बर्तन राख से साफ़ किये जाते हैं ।
seed	बीज (aa)
All kinds of seeds are sold in the market.	बाज़ार में हर तरह के बीज बेचे जाते हैं ।
salt	नमक (aa)
The cook has to buy salt at the bazaar.	ख़ानसामे को बाज़ार से नमक ख़रीदना है ।
to swim, to float	तैरना
The schoolgirls swim at the lake in summer.	स्कूल की लड़कियां गर्मियों में झील में तैरती हैं।
sprout	अंकुर (aa)
The sprouts are just coming up through the ground.	अंकुर ज़मीन में से बाहर निकल-ही रहे हैं ।

पौधों की जड़ें ऊपरी तह में ही फैलें और आसानी से उखाड़ कर दूसरी जगह लगाई जा सकें । पौधे जल्दी बढ़ें इसके लिये खाद पर राख की एक तह बिछा दी जाती है । बोते समय बीज में एक ख़ास तरह की खाद मिलाई जाती है ।

जापानी तरीक़े से खेती करने में बीज भी बहुत कम लगता है । बीज सावधानी से चुना जाता है । एक बाल्टी में पानी भर कर थोड़ा नमक डाल दिया जाता है । फिर उसमें बीज डाल दिये जाते हैं । अच्छे बीजों का वज़न ज़्यादा होता है । वे नीचे बैठ जाते हैं । बुरे बीज ऊपर तैरने लगते हैं । जापानी बीजों को एक दो घण्टे पानी में डाल देते हैं ताकि अंकुर निकल आयें । ऐसे बीजों का पौधा ज़्यादा अच्छा होता है ।

grass	घास (11)
The cows like green grass.	गायें हरी घास पसंद करती हैं ।
to grow (intrans.)	उगना
Cotton grows very well in India.	भारत में कपास बहुत अच्छी तरह उग सकती है ।
two-time, repeated	दोबारा
transplanting	दोबारा लगाना
Transplanting grape vines is very difficult.	अंगूर की बेल को दोबारा लगाना बहुत मुश्किल होता है ।
apart	अलग
Children should not live apart from their parents.	बच्चों को अपने मां-बाप से अलग नहीं रहना चाहिये ।
celebration	समारोह (aa)
In America celebrations are held everywhere on the 4th of July.	अमरीका में चार जुलाई को सब जगह समारोह होते हैं ।

पौधों के लिये क्यारियां सावधानी से तैयार की जाती हैं । इससे क्यारियों में घास नहीं उग सकती । सिर्फ एक दो बार क्यारियों को साफ़ करना पड़ता है । इसके बाद पौधों को दोबारा लगाने का वक़्त आता है । धान के पौधे एक लाइन में एक दूसरे से ८ या १२ इंच अलग लगाये जाते हैं । इस दिन बड़ा समारोह होता है । स्कूल बन्द कर दिये जाते हैं । बच्चे मां-बाप की मदद करते हैं । पौधे सावधानी से उखाड़े जाते हैं और तुरत लगा दिये जाते हैं ।

पैदावार बढ़ाने के लिये किसान १०० पौंड अमोनियम सल्फ़ेट और १०० पौंड सुपर फ़ास्फ़ेट मिला कर खाद तैयार करता है । यह खाद पौधों की जड़ों में डाली जाती है ।

जापानी ढंग से खेती करने में पानी और खाद का काफ़ी इन्तज़ाम होना चाहिये । हिन्दुस्तान में भी इस तरह खेती करनी चाहिये ।

Questions

१ हमारे देश में किस तरीक़े से धान बोया जायेगा ?
२ इससे पैदावार कितनी बढ़ जायेगी ?
३ जापानी तरीक़े में कितने हिस्से हैं ?
४ पौधों के लिये क्यारियां कैसे तैयार की जाती हैं ?
५ धान उपजाने के लिये कैसी खाद डाली जाती है ?
६ कैसे बीजों का वज़न ज़्यादा है, बच्चे बीज या बुरे बीज ?

python	अजगर (aa)
Pythons are not found in this country.	इस देश में अजगर नहीं होते ।
snake	सांप (aa)
My wife is afraid of snakes.	मेरी बीवी सांपों से डरती है ।
cage	पिंजरा (aa)
He was like a bird in a cage.	उसका हाल पिंजरे में बंद पक्षी की तरह था ।
to sprinkle	छिड़कना
He didn't sprinkle water on the road today.	उसने आज सड़क पर पानी नहीं छिड़का ।
moist	तर
Vegetables are always kept moist in the shops.	दूकानों में सब्ज़ियां हमेशा तर रखी जाती हैं ।
shallow	उथला
The water near the shore of the lake is shallow.	झील के किनारे पानी उथला है ।
storage pond	हौज़ (aa)
Bring a bucket of water from the storage pond.	हौज़ से एक बालटी पानी ले आओ ।
wide	चौड़ा
The Bhakhra lake is two miles wide.	भाखड़ा की झील २ मील चौड़ी है ।
hole	छेद (aa)
Even some important people have holes in their shoes.	कई मशहूर आदमियों के जूतों में भी छेद होते हैं।

अजगर

हिंदुस्तान का सबसे बड़ा सांप अजगर है । अजगर ठंडी जगहों में रहना पसंद करता है । गर्मी में उसके पिंजरे में मिट्टी बिछा देनी चाहिये और उस पर पानी छिड़क कर उसे तर रखना चाहिये । अगर फ़र्श पक्का हो, तो एक कोने में एक छोटा सा उथला हौज़ बनवा देना चाहिये जिसमें हमेशा ताज़ा पानी रहे । अक्सर अजगर इस पानी में बैठा रहेगा ।

एक जगह से दूसरी जगह अजगर को भेजने के लिये चार फ़ीट लम्बा और इतना ही चौड़ा और ऊंचा एक लकड़ी का बक्स काफ़ी होता है। उसमें जाह जगह पर हवा के जाने के लिये छेद करने चाहिये । बक्स का दरवाज़ा ऊपर की तरफ़ होना चाहिये । जब बक्स अपनी

destination, goal	मंज़िल (ii)
When does the train reach its destination?	गाड़ी मंज़िल पर कब पहुंचेगी ?
to be worried, upset	घबराना
The mother became worried when the child didn't return home on time.	जब बालक समय पर घर न आया तो मां बहुत घबराई ।
darkness	अंधेरा (aa)
It's hard to find the road in this darkness.	इस अंधेरे में सड़क का पता लगाना मुश्किल है ।
blind	अंधा
Love is blind.	प्रेम अंधा होता है ।
slow	सुस्त
The donkey is a slow animal.	गधा सुस्त जानवर है ।
to fight	लड़ना
The people fought for their rights.	जनता अपने अधिकारों के लिये लड़ी ।
agility, quickness	फुर्ती (ii)
That kind of work requires a lot of agility.	उस तरह के काम के लिये बड़ी फुर्ती चाहिये ।
attack	हमला (aa)
The attack on Pearl Harbor occurred on Dec. 7.	पर्ल हारबर पर हमला ७ दिसम्बर को हुआ ।
control	कब्ज़ा (aa)
The people of Hungary don't want Russian control.	हंगरी के लोग रूस का कब्ज़ा नहीं चाहते ।
tail	पूंछ (ii)
The dog's tail was cut off.	कुत्ते की पूंछ काट दी थी ।

मंज़िल पर पहुंच जाये तो उसे सोचने में नहीं घबराना चाहिये । अंधेरे में बंद रहते रहते सांप कुछ देर के लिये अंधा हो जाता है । उसकी आंख खुलने में क़रीब १० मिनट लगते हैं । दस मिनट के पहले ही बज्जर को पिंजरे में बंद कर देना चाहिये ।

बज्जर को पकड़ना बहुत आसान नहीं है । आमतौर पर बज्जर बहुत सुस्त समझा जाता है । लेकिन सचमुच यह इतना सुस्त नहीं है । लड़ने के वक़्त इसकी फुर्ती मालूम होती है । यह दौड़ता भी तेज़ है । बहुत मुश्किल से हाथ आता है । बज्जर पकड़ने वाले पर हमला भी करता है । सबसे पहले इसके मुंह पर कब्ज़ा करना चाहिये । दूसरा आदमी इसकी पूंछ पर कब्ज़ा करता है

to tie, tie up — बांधना

He tied up his luggage with a rope. — उसने अपना सामान रस्सी से बांधा ।

snake-charmer — सपेरा (aa)

The number of snake charmers in India is decreasing. — भारत में सपेरों की संख्या कम होती जा रही है।

sack — बोरी (ii)

Lots of sacks are made in Bengal. — बहुत बोरियां बंगाल में बनाई जाती हैं ।

to hide (intrans.) — छिपना

Where are the children hiding? — बच्चे कहां छिपे हुये हैं ?

to jump — कूदना

Yesterday he was jumping all around; what's happened to him today? — कल तो बहुत कूद रहा था, आज क्या हो गया है ?

poison — ज़हर (aa)

poisonous — ज़हरीला

There are many poisonous plants in the forest. — जंगल में कई ज़हरीले पौधे होते हैं ।

to grip, to crush — जकड़ना

The animal crushed my hand in its teeth. — जानवर ने मेरा हाथ अपने दांतों में जकड़ लिया ।

to swallow (without chewing), to gulp down — निगलना

The baby swallowed a button. — बच्चे ने बटन निगल लिया ।

stomach (digestive organ) — आमाशय (aa)

Gulping down food is bad for the stomach. — खाना निगलने से आमाशय कमज़ोर हो जाता है।

ताकि यह किसी को बांध न सके । सपेरे बज्जरों को बोरियों में रखते हैं ।

बज्जर किसी हरी जगह या झाड़ी में छिप कर बैठ जाता है । जब ख़रगोश, सूअर, हिरण वग़ैरह जानवर इसके पास जाते हैं तो यह उन्हें पकड़ लेता है । शिकार के लिये बज्जर कभी कभी पेड़ों पर चढ़ जाता है । जब कोई जानवर इसके नीचे आ जाता है तो यह उस पर कूद कर उसको पकड़ लेता है । बज्जर ज़हरीला नहीं होता, इसलिये यह जानवरों को जकड़ कर मारता है । तब वह जानवर को निगलना शुरू करता है । सांपों के मुंह में दांत नहीं होते । बड़े जानवरों को निगलने में बड़ी मेहनत करनी पड़ती है । एक हिरण को निगलने में एक बार एक बज्जर को १६ घंटे लग गये थे । बज्जर के आमाशय में एक ऐसा रस होता है जिससे वह सारा जानवर

to be digested	पचना
to digest	पचाना
He's still sick, he can't digest any meat.	वह अभी बीमार है, गोश्त नहीं पचा सकेगा ।
eyelid	पलक (ii)
The child's eyelids are heavy, maybe he wants to go to sleep.	बच्चे की पलकें भारी हैं, शायद सोना चाहता है ।
attention, concentration	ग़ौर
attentively	ग़ौर से
If he had studied attentively, he would have been successful.	अगर वह ग़ौर से पढ़ता तो सफल होता ।
nervous	पस्त
He gets very nervous when he has to take an examination.	जब उसे इम्तहान देना होता है तो वह बहुत पस्त हो जाता है ।
strength, power	ताक़त (ii)
Economic development is more important than military strength.	आर्थिक विकास फ़ौजी ताक़त से ज़्यादा महत्वपूर्ण है ।
coil	कुंडली (ii)
The snake wrapped him in its coils before our very eyes.	हमारी आंखों के सामने ही सांप ने उसे अपनी कुंडलियों में बांध लिया ।

पचा सकता है ।

लोग सोचते हैं कि अजगर सांप से बड़े जानवरों को अपने पास खींच लेता है । लेकिन यह बात सही नहीं मालूम होती है । इस ख़्याल का कारण शायद यह है कि सांपों की आंखों पर पलक नहीं होते । जब सांप अपने शिकार को ग़ौर से देखता है तो जानवर डर से पस्त हो जाता है । तब अजगर उसे पकड़ लेता है । वह शिकार को अपनी ही ताक़त से पकड़ता है और अपनी कुंडलियों में जकड़ कर मार डालता है ।

Questions

१ हिंदुस्तान का सबसे बड़ा सांप कौन है ?

२ अगर अजगर पक्के फ़र्श पर रखा जाता है तो क्या करना चाहिये ?

३ अजगर को एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिये कैसा बक्स चाहिये ?

४ अजगर को पकड़ना आसान क्यों नहीं है ?

५ बज्जर पेड़ पर क्यों चढ़ जाता है ?

६ बज्जर को जानवरों को निगलने में तक्लीफ़ क्यों होती है ?

७ बज्जर शिकार को कैसे मार डालता है ?

Buddhist	बौद्ध
The Buddhist religion was founded 2500 years ago.	बौद्ध धर्म का जन्म आज से २५०० वर्ष पहले हुआ ।
holy place	तीर्थ (aa)
Mecca is a holy place for Muslims.	मक्का मुसलमानों का तीर्थ है ।
side, direction	ओर (ii)
Washington is on the other side of the river.	वाशिंगटन नदी के दूसरी ओर है ।
appealing	मनमोहक
Her voice is very appealing.	उसकी आवाज़ बड़ी मनमोहक है ।
temple	मन्दिर (aa)
Always take off your shoes before entering a temple.	मन्दिर में जाने से पहले हमेशा जूते उतारने चाहिये ।
preceptor, teacher	आचार्य (aa)
The teacher's place in society is very important.	समाज में आचार्य की जगह बहुत महत्वपूर्ण है ।
last, final	आख़िरी
What were Gandhi's last words?	गांधी जी के आख़िरी शब्द क्या थे ?
a mendicant, a Buddhist monk	भिक्षुक, भिक्षु (aa)
Vinoba Bhave lives the life of a mendicant.	विनोबा भावे भिक्षुओं की तरह रहते हैं ।
to spread (transitive)	फैलाना
Watch your sheet before you spread your feet (i.e., cut your coat according to your cloth.)	चादर देख कर पांव फैलाओ ।

आन्ध्र का मशहूर बौद्ध तीर्थ

आन्ध्र में " नागार्जुन कोंडा " एक मशहूर जगह है । यह गंटूर ज़िले में है । इसके तीन ओर पहाड़ हैं और एक ओर कृष्णा नदी है । दृश्य बड़ा ही मनमोहक है । यहां बुद्ध का एक मन्दिर है । इस मन्दिर को दक्षिण भारत का सारनाथ कहते हैं ।

बौद्धों की दो शाखायें हैं - हीनयान और महायान । नागार्जुन आन्ध्र के रहने वाले थे और महायान शाखा के आचार्य थे । कहा जाता है उन्होंने अपने आख़िरी दिन यहीं एक पहाड़ पर बिताये । उन दिनों अशोक ने बहुत से बौद्ध भिक्षुओं को आन्ध्र में बौद्ध धर्म फैलाने के लिये

behavior, conduct	आचार (aa)
Everyone is pleased with his conduct.	उसके आचार से सब खुश हैं ।
pure	पवित्र
The water of the Ganges is considered pure.	गंगा का पानी पवित्र माना जाता है ।
dynasty	वंश (aa)
Babar laid the foundation of the Moghul dynasty in India.	भारत में मुग़ल वंश की नींव बाबर ने रखी ।
queen, ranee	रानी (ii)
The Queen of Jhansi gave her life in the First War of Independence.	झांसी की रानी ने स्वतंत्रता की पहली लड़ाई में अपनी जान दी ।
art	कला (ii)
The art of the cinema developed only recently.	सिनेमा की कला का विकास हाल ही में हुआ ।
(Buddhist) monument, stupa	स्तूप (aa)
Many stupas of the Chandragupta period are found in Bihar.	बिहार में चंद्रगुप्त के समय के बहुत से स्तूप पाये जाते हैं ।
(Buddhist) monastery	विहार (aa)
Many monasteries were established in the age of Ashoka.	अशोक के ज़माने में बहुत से विहार बनवाये गये ।
knowledge	विद्या (ii)
school, college	विद्यालय (aa)
university	विश्वविद्यालय (aa)
Tagore started a university at Shantiniketan.	टैगोर ने शान्तिनिकेतन में एक विश्वविद्यालय खोला ।

भेजा । उन भिक्षुओं के आचार का नागार्जुन पर बहुत असर पड़ा और वे बौद्ध हो गये । बौद्ध भिक्षुओं का आचार बहुत ही पवित्र था । इसलिये आन्ध्र में बौद्ध धर्म खूब फैला । बहुत से बौद्ध केन्द्र बन गये ।

उस समय आन्ध्र में सातवाहन वंश के राजा राज करते थे । उसके बाद इक्ष्वाकु वंश ने राज किया । इस वंश के राजा तो हिन्दू धर्म मानते थे लेकिन रानियां ज़्यादातर बौद्ध धर्म मानती थीं । उन्हीं रानियों की मदद से बौद्ध धर्म आन्ध्र में फैला । साथ साथ बौद्ध साहित्य और कला का भी विकास हुआ ।

नागार्जुन कोंडा पर एक बुद्ध का स्तूप है । भिक्षुओं के आराम करने के लिये विहार बने हुये हैं । इसके आसपास और भी छोटे छोटे स्तूप बने हुये हैं । यहीं नागार्जुन कोंडा का

archaeology	पुरातत्व (aa)
The Department of Archaeology is under the Home Minister.	पुरातत्व-विभाग स्वराष्ट्र मंत्री के अंतर्गत है ।
to be dug up	खुदना
digging, excavation	खुदाई (ii)
Excavations are being made in order to learn about ancient civilization.	पुरानी सभ्यता का पता लगाने के लिये खुदाई हो रही है ।
between	के बीच
A wall of suspicion is rising between the two powers.	दोनों शक्तियों के बीच शंकाओं की दीवार बनती जा रही है ।
several	अनेक
There are several committees in the U.N.	संयुक्त राष्ट्र संघ में अनेक समितियां हैं ।
inscription (on stone)	शिला-लेख (aa)
History is learned through old inscriptions.	पुराने शिला-लेखों से इतिहास का पता चलता है ।
coin	सिक्का (aa)
The coins aren't made of silver any more.	अब सिक्के चांदी के नहीं बनते ।
museum	संग्रहालय (aa)
Your car should be put in a museum.	आपकी मोटर तो संग्रहालय में रखने लायक है ।
historical	ऐतिहासिक
There are many historical buildings at Fatehpur Sikri.	फ़तेहपुर सीकरी में बहुत से ऐतिहासिक भवन हैं।
protected, safe	सुरक्षित
The Himalayas keep India protected from cold winds.	हिमालय भारत को ठंडी हवाओं से सुरक्षित रखता है ।

विश्वविद्यालय भी था । आचार्यों और विद्यार्थियों के रहने के लिये घर भी थे ।

सरकार के पुरातत्व विभाग ने नागार्जुन कोंडा की खुदाई १९२६-४० के बीच की थी । इससे वहां अनेक शिला-लेख, सिक्के, बर्तन, गहने वग़ैरह मिले और अनेक स्तूपों वग़ैरह का पता लगा । इन चीज़ों से आन्ध्र का इतिहास जानने में बड़ी मदद मिली है । यहां से जो चीज़ें मिली हैं उन्हें एक संग्रहालय में रखा गया है । इस संग्रहालय में ऐतिहासिक चीज़ें सुरक्षित हैं ।

unique	अनूठा
His work is unique in the field of literature.	साहित्य के क्षेत्र में उसका काम अनूठा है ।
style	शैली (ii)
His style can be compared with that of great writers.	उसके लिखने की शैली की तुलना बड़े बड़े लेखकों से की जा सकती है ।
form, shape	आकार (aa)
The new American embassy at Delhi is modern in form.	देहली में नए अमरीकी दूतावास का आकार आधुनिक है ।
construction	बनावट (ii)
The construction of that house is a bit odd.	उस घर की बनावट कुछ अजीब सी है ।
architecture	शिल्पकला (ii)
He went abroad for training in architecture.	वह शिल्पकला के प्रशिक्षण के लिए विदेश गया।
monastery	मठ (aa)
In the old days they built monasteries, but now they are building schools.	पुराने ज़माने में मठ बनते थे, लेकिन अब विद्यालय बनते हैं ।
nearly	लगभग
The President kept speaking for nearly 40 minutes.	राष्ट्रपति लगभग ४० मिनट बोलते रहे ।
pillar	स्तंभ (aa)
Modern buildings do not have pillars.	आधुनिक भवनों में स्तंभ नहीं होते ।
statue, image	मूर्ति (ii)
The Amarnath Temple has a statue made of ice.	अमरनाथ के मंदिर में एक बर्फ़ की मूर्ति है ।
etcetera	इत्यादि
All the major religions of the world are in India--Hindu, Muslim, Christian, etc.	भारत में दुनियां के सब बड़े बड़े धर्म हैं -- हिंदू, मुस्लिम, इसाई इत्यादि ।

यह संग्रहालय अपने ढंग का अनूठा है ।

यहां की कला-शैली उत्तर भारत से भिन्न है । स्तूपों का आकार और उनकी बनावट आन्ध्र शिल्पकला की याद दिलाते हैं । यहां के स्तूप, मठ, वग़ैरह पक्की ईंटों के बने हैं । यहां का सबसे बड़ा स्तूप गोलाकार है । इसकी ऊंचाई लगभग अस्सी फ़ीट है । स्तंभ, मूर्तियां,

example	नमूना (aa)
The Taj Mahal is a good example of the Mognul style of architecture.	ताज महल मुग़लों की शिल्पकला की शैली का अच्छा नमूना है ।
picture	चित्र (aa)
An Indian picture will be shown here.	यहां एक भारतीय चित्र दिखाया जाएगा ।
wisdom, knowledge	ज्ञान (aa)
One must work very hard to acquire knowledge.	ज्ञान पाने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ती है।
rock	शिला (ii)
Due to the heavy rain, a rock fell on the road.	बहुत बारिश के कारण सड़क पर एक शिला आ गिरी ।
connected (with)	संबंधी
The Lok Sabha was discussing problems connected with education.	लोक सभा में शिक्षा संबंधी समस्याओं पर बहस हो रही थी ।
drawn	चित्रित
UNICEF is selling Christmas cards drawn by Jamini Roy.	यूनिसेफ़ जामिनी राय द्वारा चित्रित क्रिसमस कार्ड बेच रहा है ।
vine	लता (ii)
Many grape vines grow near Quetta.	कोयटे के पास अंगूर की बहुत लताएं होती हैं ।
artist	कलाकार (aa)
In this day and age, people are forgetting about artists.	इस युग में लोग कलाकारों को भूलते जा रहे हैं।

इत्यादि आन्ध्र शिल्पकला के अच्छे नमूने हैं । स्तंभों पर बहुत से चित्र हैं जो महात्मा बुद्ध के जीवन के बारे में हैं । इन चित्रों में बुद्ध के घर छोड़ने, जन्म, और ज्ञान पाने के चित्र सबसे अच्छे हैं । शिलाओं पर बुद्ध-धर्म संबंधी अनेक विषय प्राकृत भाषा में लिखे हुए हैं ।

इन स्तूपों और स्तंभों में चित्रित लताएं और चित्र दो हज़ार साल पहले आन्ध्र-कलाकारों की

originality	मौलिकता
His style has great originality.	उसकी शैली में बड़ी मौलिकता है ।
proof	सबूत (aa)
He will have to give proof of it in court.	न्यायालय में उसे इसका सबूत देना पड़ेगा ।
traveller	यात्री (aa)
In summer many travellers go abroad.	गर्मी में बहुत से यात्री विदेशों में जाते हैं ।

मौलिकता के अच्छे सबूत हैं । आज भी नागार्जुन कोंडा यात्रियों और कलाकारों को अपनी ओर खींचता है ।

Questions

१ नागार्जुन कोंडा कहां है ?
२ हीनयान और महायान से आप क्या समझते हैं ?
३ नागार्जुन कौन थे ?
४ नागार्जुन क्यों बौद्ध हो गए ?
५ सातवाहन और इक्ष्वाकु वंश के राजा कौन सा धर्म मानते थे ?
६ नागार्जुन कोंडा में खुदाई किसने करवाई ?
७ खुदाई से वहां क्या क्या चीज़ें मिलीं ?
८ ये चीज़ें कहां रखी गई हैं ?
९ स्तंभों पर कैसे चित्र बने हैं ?

if

If it rained, the offices would close.

यदि

यदि बारिश हुई तो दफ़्तर बंद हो जाएंगे ।

pace, speed

The train was going at full speed.

गति (ii)

गाड़ी पूरी गति से जा रही थी ।

heavy

You shouldn't carry such heavy luggage.

भारी

तुम्हें इतना भारी सामान नहीं ले जाना चाहिये ।

goods

The goods were sent by train.

माल (aa)

माल गाड़ी से भेजा गया ।

transport

What means of transport are there between India and Burma?

ढुलाई (ii)

भारत और बर्मा में ढुलाई के साधन क्या क्या हैं ?

proportion

This cake contains butter and sugar in equal proportions.

अनुपात (aa)

इस केक में चीनी और मक्खन का अनुपात बराबर होता है ।

description, details

The policeman gave the details of the affair.

विवरण (aa)

पुलिसवाले ने बात का विवरण दिया ।

etcetera

Today I have cooked meat, potatoes, cauliflower etc.

आदि

आज मैं ने गोश्त, आलू, गोभी आदि बनाई हैं।

eminence

high-class, first-rate

कोटी (ii)

ऊंची कोटी

The workmen did a first-rate job.

काम करने वालों ने ऊंची कोटी का काम किया।

चितरंजन कारख़ाना

यदि चितरंजन कारख़ाने की वर्तमान योजनाएं इसी गति से चलती रहीं तो कुछ ही दिनों में यह कारख़ाना एक इंजन फ़ी हफ़्ते तैयार करने लगेगा । अब तक यह कारख़ाना भारी माल की ढुलाई के लिये ३७ इंजन बना चुका है । इस इंजन का डिज़ाइन, अनुपात, और विवरण आदि सब कुछ भारतीय विशेषज्ञों ने तैयार किया है । ये इंजन सारी दुनिया में ऊंची कोटी के इंजनों में हैं ।

इस इंजन का वज़न लगभग १७२ टन है और यह २००० टन वज़न ३५ मील फ़ी घंटे की गति से

rider	सवार (aa)
(the act of) riding, a ride	सवारी
passenger train	सवारी गाड़ी
The passenger trains run very fast.	सवारी गाड़ियां बहुत तेज़ी से चलती हैं ।
speed	रफ़्तार (ii)
Brazil is progressing with great speed.	ब्राज़िल बहुत तेज़ रफ़्तार से उन्नति कर रहा है।
safety	सुरक्षा (ii)
He demanded greater safety in air travel.	उसने हवाई यात्रा में ज़्यादा सुरक्षा की मांग की ।
planned	आयोजित
The University has a concert planned for today.	यूनिवर्सिटी ने आज के लिये एक संगीत सभा आयोजित की है ।
spare	फ़ालतू
Do you have a spare pen?	आपके पास एक फ़ालतू क़लम है ?
part	पुर्ज़ा (aa)
Some parts of a car are very expensive.	मोटर के कुछ पुर्ज़े बहुत मंहगे हैं ।

खींच सकता है । इस क्लास के सवारी गाड़ी के इंजन एक्सप्रेस और पेत गाड़ियों में जोड़े जाते हैं । इस समय भारत में लगभग 300 ऐसे इंजन काम में आ रहे हैं । सवारी इंजनों के विभाग भी हिंदुस्तान के सेंट्रल स्टैंडर्ड्स आफ़िस में तैयार किये गये थे, लेकिन ये इंजन अमरीका और कैनेडा में बनवाए गए थे । ये सवारी इंजन आसानी से पूरी सवारी गाड़ी को 60 मील फ़ी घंटे की रफ़्तार से खींच सकते हैं । इनकी ज़्यादा से ज़्यादा रफ़्तार ८५ मील फ़ी घंटा है । लेकिन सुरक्षा के लिए भारत में इंजन 60 मील फ़ी घंटे से तेज़ नहीं दौड़ाये जाते । चितरंजन कारख़ाने का आयोजित उत्पादन हर साल १२० इंजन और कुछ फ़ालतू पुर्ज़े और बायलर है । इस उत्पादन के लिए २०,००० टन इस्पात की ज़रूरत होगी ।

map, drawing	नक्शा (aa)
The teacher bought a map for the school.	शिक्षक ने स्कूल के लिये एक नक्शा ख़रीदा ।
square (in measurement of area)	वर्ग
This city is three square miles in area.	यह शहर 3 वर्ग मील है ।
area	रक्बा (aa)
In Kerala, the area is very small, but the population is huge.	केरला में रक्बा बहुत छोटा है, लेकिन जनसंख्या बहुत ज़्यादा है ।
adviser	सलाहकार (aa)
The judge appointed a legal adviser for me.	न्यायाधीश ने मेरे लिये एक क़ानूनी सलाहकार नियुक्त किया ।
accident	दुर्घटना (ii)
Fifty people were injured in the rail accident.	रेल दुर्घटना में ५० आदमी घायल हुए ।
investigation	जांच (ii)
His work was subjected to an investigation.	उनके काम की एक जांच की गई ।
lateral, (pertaining to the) side	बग़ली
The side part of the machine broke.	मशीन का बग़ली हिस्सा टूट गया ।
pressure	दबाव (aa)
There is great pressure of work in government offices.	सरकारी दफ़्तरों में काम का बहुत दबाव है ।
defect	ख़राबी (ii)
There are a few defects in modern education.	आजकल की शिक्षा में कुछ ख़राबियां हैं ।

इंजन का डिज़ाइन बनाना एक मुश्किल काम है । एक डिज़ाइन बनाने के लिये १६०० नक्शे तैयार करने पड़ते हैं । चितरंजन में बने इंजनों में ५३३६ पुर्ज़े होते हैं ।

यह कारख़ाना लगभग १० लाख वर्ग फ़ीट रक्बे में फैला हुआ है । इसमें क़रीब क़रीब १००० मशीनें लगी हुई हैं । इन मशीनों को ८५ फ़ी सदी ब्रिटेन से मंगाई गई है । चितरंजन में तीन हज़ार से ज़्यादा कर्मचारी काम करते हैं । ६: विदेशी इंजिनियर हैं लेकिन वे सलाहकार की तरह काम करते हैं ।

१६३८ में, बिहटा के नज़दीक एक रेल दुर्घटना हो गई थी । जांच के बाद मालूम हुआ कि इंजन बगली दबाव के साथ जा रहा था । चितरंजन में जो इंजन बनाये गये हैं, उनमें यह ख़राबी नहीं है । रेल इंजनों के संबंध में इस समय चार बातों की गवेषना की जा रही है -- वज़न

lightness	हल्कापन (aa) (obl. हल्केपन)
I like this necklace on account of its lightness.	मैं इस हार को इसके हल्केपन के कारण पसंद करती हूं ।
kind, type	क़िस्म (ii)
America imports many kinds of tea.	अमरीका बहुत क़िस्म की चाय आयात करता है।
as many, as much	जितना
India cannot buy as many machines as she needs.	हिंदुस्तान उतनी मशीनें नहीं ख़रीद सकता जितनी ज़रूरत है ।
maintenance	रख-रखाव (aa)
Car maintenance is difficult here.	यहां मोटर का रखरखाव मुश्किल है ।
repair	मरम्मत (ii)
These old buildings need repair.	इन पुरानी इमारतों की मरम्मत करनी चाहिये ।
number	तादाद (ii)
The number of autos in America is increasing every year.	अमरीका में मोटरों की तादाद हर साल बढ़ती जा रही है ।
to settle, to become situated	बसना
situated, located	बसा
Delhi is situated on the Jamuna River.	देहली जमुना नदी पर बसा है ।

सींचने की ताक़त, गति, सुरक्षा, और हल्कापन । इंजनों का हल्का होना बहुत ज़रूरी है ।

भारत में बहुत क़िस्म के इंजन इस्तेमाल किये जाते हैं । इंजन की क़िस्में जितनी ही ज़्यादा होती है, इंजनों के रखरखाव और मरम्मत की समस्या भी उतनी ही मुश्किल होती जाती है । इसलिये इन क़िस्मों की तादाद को कम करने की कोशिश की जा रही है । आज से क़रीब दस साल पहले हिंदुस्तान में ५०० क़िस्मों के इंजन थे । अब यह तादाद ३७७ रह गई है । आशा है कि अगले १५ वर्षों में यह तादाद सिर्फ़ ५० रह जायेगी ।

जहां अब चितरंजन कारख़ाना है वहां छोटे छोटे गांव बसे हुए थे । आज उन गावों की जगह एक बड़ा कारख़ाना है ।

Questions

१ भारत में रेल के इंजन कहां बनते हैं ?

२ चितरंजन कारख़ाने के इंजन मात गाड़ियों के लिए हैं, या सवारी गाड़ियों के लिए ?

३ सवारी इंजन कहां तैयार किये गये थे ?

४ रेल इंजनों के संबंध में किन बातों की गवेषना की जा रही है ?

५ इंजनों की क़िस्में बहुत ज़्यादा होने से क्या दिक़्क़त होती है ?

६ जहां चितरंजन कारख़ाना है, वहां पहले क्या था ?

ancient	प्राचीन
He's writing an article on ancient Indian civilization.	वह भारत की प्राचीन सभ्यता पर एक लेख लिख रहा है ।
fixed, settled	स्थापित
to establish, to set up	स्थापित करना
A hospital should be established here very soon.	जल्दी ही यहां एक हस्पताल स्थापित करना चाहिये ।
civilised	सभ्य
In all civilised countries, women participate in the elections.	सब सभ्य देशों में औरतें चुनाव में भाग लेती हैं।
main, principal	प्रमुख
Madras is one of the principal cities of India.	मद्रास भारत के प्रमुख शहरों में से है ।
aborigine	आदिवासी (aa)
Aborigines live in the hills of Assam.	आदिवासी आसाम की पहाड़ियों में रहते हैं ।
to recede, to withdraw	हटना
to push back, to repel	हटाना
The police pushed the crowd back.	पुलिस ने भीड़ को हटा दिया ।
fort	गढ़ (aa)
Shivaji had many forts built.	शिवाजी ने बहुत से गढ़ बनवाये ।

गढ़वाल

प्राचीन हिंदुस्तान के साहित्य में इस इलाके को केदारखंड कहा गया है । यहां शिव, बद्रीनाथ, का मंदिर है । कहा जाता है कि बौद्ध भिक्षुओं ने शिव-मूर्ति को फेंक दिया था । शंकराचार्य ने फिर मूर्ति स्थापित की । उस समय से सभ्य जातियां इस इलाके में आने लगीं ।

बाहर से आनेवाली जातियों में सबसे प्रमुख राजपूत थे । वे आदिवासियों को हटा देते थे और कुछ गांवों को मिला कर एक गढ़ बना लेते थे और उस गढ़ के मालिक बन जाते थे । एक समय यहां ५२ गढ़ थे । इसी कारण इस इलाके को गढ़वाल कहते हैं ।

80

master, boss, owner	मालिक (aa)
The Duponts are the owners of the nylon factory.	ड्यूपांट नाइलौन की मिलों के मालिक हैं ।
level, flat	समतल
Level land is good for farming.	समतल ज़मीन खेती के लिए अच्छी होती है ।
emperor	बादशाह (aa)
The Taj was built by Emperor Shah Jehan.	ताज महल बादशाह शाहजहां ने बनवाया ।
court (of a ruler)	दरबार (aa)
Akbar held his court at Fatehpur Sikri.	अकबर अपना दरबार फ़तेहपुर सीकरी में लगाता था ।
to chase, to drive out	भगाना
The people drove the tiger out of the village.	लोगों ने शेर को गांव से भगा दिया ।
(native) state	रियासत (ii)
When the British left India, there were 552 native states.	जब अंग्रेज़ों ने भारत छोड़ा तो ५५२ रियासतें थीं।
to annex	मिला लेना
In 1845 the British annexed the Punjab.	१८४५ में अंग्रेज़ों ने पंजाब अपने राज्य में मिला लिया ।
to connect with	जुलना
total	मिला-जुला
He used the total profit to have his son educated.	मिले-जुले पैसों से उसने बच्चे को पढ़ाया ।

अजयपाल ने श्रीनगर को अपनी राजधानी बनाया । श्रीनगर अलकनन्दा नदी के किनारे पर समतल ज़मीन में बसा हुआ है । यहां के राजाओं का उस समय के मुसलमान बादशाहों से अच्छा संबंध था । दिल्ली-दरबार ने गढ़वाल के राजाओं को शाह की पदवी दी ।

१८६० के क़रीब गोरखों ने कुमाऊं और गढ़वाल पर हमला कर दिया । कुमाऊं और गढ़वाल के राजा हमेशा लड़ते रहते थे । इसलिए गोरखों ने दोनों पर क़ब्ज़ा कर लिया । गढ़वाल के राजा प्रद्युमनशाह मारे गये । उनके लड़के सुदर्शनशाह ने अंग्रेज़ों की मदद से गोरखों को भगा दिया । अंग्रेज़ों ने मदद के दाम के रूप में आधा गढ़वाल लिया । सुदर्शनशाह ने टिहरी में गढ़वाल की राजधानी बनाई । इस तरह ब्रिटिश-गढ़वाल और टिहरी-गढ़वाल अलग हो गये । जब भारत आज़ाद हुआ तो सब रियासतें मिला ली गईं । १९४९ में टिहरी गढ़वाल भी उत्तर प्रदेश में मिला लिया गया ।

81

grain	अनाज (aa)
The Punjab exports grain to other states.	पंजाब दूसरे राज्यों को अनाज निर्यात करता है।
fertile, productive	उपजाऊ
Chemical fertilizers are needed to make the land productive.	ज़मीन को उपजाऊ बनाने के लिए रासायनिक खाद की आवश्यकता है ।
limited	सीमित
His knowledge of other countries is limited.	दूसरे देशों के बारे में उसकी जानकारी सीमित है।
few	इनेगिने
So far electricity as reached only a few villages.	बिजली अभी इनेगिने गांवों में ही पहुंची है ।
century	सदी (ii)
The wounds of centuries do not heal quickly.	सदियों के घाव जल्दी नहीं भरते ।
day-labor	मज़दूरी (ii)
to work for wages	मज़दूरी करना
Even educated people have to work for wages.	पढ़े-लिखे लोगों को भी मज़दूरी करना पड़ता है।
army	फ़ौज (ii)
He's an officer in the Indian army.	वह भारतीय फ़ौज का अफ़सर है ।
simple	सादा
We should adopt simple living and high thinking.	सादा रहना और उच्च विचार रखना चाहिए ।
true, truthful	सच्चा
It is difficult to be truthful always.	हमेशा सच्चा बनना मुश्किल है ।

गंगा और जमुना पहाड़ों से निकल कर गढ़वाल से होकर बहती हैं । यहां के ज़्यादातर लोग छोटे छोटे गांवों में रहते हैं । पांच सात गांवों की मिली-जुली आबादी एक हज़ार से ज़्यादा नहीं होती । ज़्यादातर ज़मीन अनाज पैदा करने के लिये काफ़ी उपजाऊ नहीं है । रोज़ी कमाने के साधन बहुत सीमित हैं । आने जाने के रास्ते पहाड़ों को काट काट कर बनाये गये हैं । कुछ इनेगिने गांवों तक ही मोटरें जा सकती हैं । अभी तक इस इलाक़े में बहुत से लोग हैं जिन्होंने मोटर नहीं देखी है । कुछ ऐसी भी जगहें हैं जो सदियों से नहीं बदली हैं । लोग रोज़ी के लिए या तो बाहर मज़दूरी करते हैं या फ़ौज में जाते हैं । यहां के लोग बहुत ही सादे और सच्चे होते हैं । औरतें बहुत मेहनती होती हैं । मेहमानों की सेवा करना ये अपना धर्म समझते हैं ।

clothing, dress	पहनावा (aa)
Clothing changes with the times.	समय के साथ पहनावा भी बदलता है ।
a robe-like men's garment	चोला (aa)
The Mahatmas usually wear robes.	आमतौर पर चोला महात्मा पहनते हैं ।
lower	निचला
It doesn't snow in the lower hills.	निचली पहाड़ियों में बर्फ़ नहीं गिरती ।
wool	ऊन (ii)
A shawl made of wool is very durable.	ऊन की शाल बहुत देर चलती है ।
printed cotton, calico	छींट (ii)
The color of this printed cotton is fast.	इस छींट का रंग पक्का है ।
god, divinity	देवता (aa)
Indra is the god of rain.	इन्द्र वर्षा का देवता है ।
a kind of drum	ढोल (aa)
The "Dhool" drum is made of wood and leather.	ढोल लकड़ी और चमड़े का बनता है ।
(musical) instrument	बाजा (aa)
The sitar is an Indian instrument.	सितार एक हिंदुस्तानी बाजा है ।
dance	नाच (aa)
The children are learning Indian dances.	बच्चे भारतीय नाच सीख रहे हैं ।
unique	निराला
The scenery of the Kulu Valley is unique.	कुल्लू घाटी का दृश्य निराला है ।

उनका पहनावा ख़ास है । वे चोले, पायजामे, कमरबंद, गोल टोपी पहनते हैं । जूतों का निचला हिस्सा चमड़े का और ऊपरी हिस्सा ऊन का होता है । औरतें रंगीन और छींट के लंबे और चोलियां पहनती हैं ।

यहां के लोग अपने गांव के देवता पर बहुत विश्वास करते हैं । वे ढोल और बाजे बजा कर देवता की पूजा करते हैं ।

यहां का लोक-गीत और नाच भी अपने ढंग का निराला है । कहीं कहीं चबूतरे बने होते हैं

platform	चबूतरा (aa)
There is a stone platform in the park for people to sit on.	लोगों के बैठने के लिए बाग़ में एक पत्थर का चबूतरा है ।
fire	आग (ii)
The fire soon spread, due to the wind.	हवा के कारण आग जल्दी ही फैल गई ।
to ignite, light	जलाना
It's hard to light a fire in the rain.	बारिश में आग जलाना बहुत मुश्किल है ।
couplet	दोहा (aa)
This is a couplet by Kabir.	यह कबीर का दोहा है ।
gay life	चहल-पहल (ii)
When he saw the gay life of the city, he forgot about his wife.	शहर की चहल-पहल को देख कर वह अपनी घरवाली को भूल गया ।
even then, even so	फिर भी
He stayed in India five years, but even so he didn't try to learn Hindi.	वह ५ साल भारत रहा, फिर भी उसने हिंदी सीखने की कोशिश नहीं की ।

जिनके बीच में आग जलाई जाती है । तब आदमी और औरत साथ साथ नाचते हैं । वे दोहे गाते हैं ।

लोग कहते हैं कि पहले से अब यहां की ज़िन्दगी बहुत बदल चुकी है । इस में कोई शक नहीं कि गढ़वाल के शहरों की ज़िन्दगी पर नई दुनिया का असर धीरे धीरे हो रहा है । लेकिन गांवों की ज़िन्दगी अभी भी शहर की चहल-पहल से बहुत दूर है । फिर भी गढ़वालियों के सामाजिक, राजनीतिक, और धार्मिक विचार बदल रहे हैं ।

Questions

१ गढ़वाल में सभ्य जातियां कब से आने लगी ?
२ इस इलाक़े को गढ़वाल क्यों कहते हैं ?
३ गढ़वाल में कौन नदियां बहती हैं ?
४ यहां की ज़मीन कैसी है ?
५ यहां के लोग किस तरह के काम करते हैं ?
६ गढ़वालियों का क्या पहनावा है ?

region, territory	प्रदेश (aa)
regional, territorial	प्रादेशिक
Every state has its regional language.	हर राज्य की अपनी प्रादेशिक भाषा है ।
unit, detachment	दस्ता (aa)
Some units of the U.S. Army were sent to India.	अमरीकी फ़ौज के कुछ दस्ते भारत भेजे गये ।
drill, parade	कवायद (ii)
A big crowd gathered to see the soldiers' drill.	सिपाहियों की कवायद देखने के लिए बहुत भीड़ जमा हो गई ।
impressed	प्रभावित
The people were much impressed by the military tatoo.	जनता सैनिक टैटू से बहुत प्रभावित हुई ।
possible	मुमकिन
It's possible that the train may be late.	मुमकिन है गाड़ी देर से आये ।
progress	तरक्की (ii)
Progress can be achieved only through hard work.	तरक्की मेहनत करने से ही हो सकती है ।
armor	बख़्तर (aa)
armored	बख़्तरबंद
How many armored divisions do the Russians have?	रूस के पास कितने बख़्तरबंद डिविजन हैं ?
cannon	तोप (aa)
cannoneer, artilleryman	तोपची (aa)
Artillerymen also participated in the parade.	परेड में तोपचियों ने भी भाग लिया ।

भारत की प्रादेशिक सेना

पहला प्रादेशिक सेना सप्ताह जनवरी, १९५१ में मनाया गया था । उस समय प्रादेशिक सेना को बने एक साल से कुछ ही ज़्यादा हुआ था और इस सेना के दस्ते ट्रेनिंग ले रहे थे । जिन लोगों ने इन दस्तों को कवायद करते, ट्रेनिंग लेते, या कोई और काम करते, देखा, वे उन से बहुत प्रभावित हुए । मुमकिन है कि ये सिपाही स्थाई सेना के सिपाहियों से अच्छे न हों । लेकिन यह सोचना चाहिये कि ये सिपाही आम जनता के लोग हैं जिन्हें सैनिक ट्रेनिंग दी जा रही है ।

उस समय से आज तक प्रादेशिक सेना बहुत तरक्की कर चुकी है । स्थाई सेना की तरह इसमें भी पैदल, बख़्तरबंद, सिगनल्स, तोपची, इंजीनियरों की टुकड़ियां हैं ।

unit — टुकड़ी (ii)

A unit of the Indian army was sent to Egypt. — भारतीय सेना की एक टुकड़ी को मिस्र भेजा गया।

organization — संगठन (aa)

Such things do happen in the government organization. — सरकारी संगठन में ऐसी बातें हुआ ही करती हैं।

example — मिसाल (ii)

Please explain by giving an example. — कोई मिसाल देकर समझाइए ।

but, but rather — बल्कि

There is not only a problem of food and clothing, but many other problems too. — सिर्फ़ खाने कपड़े की समस्या नहीं है, बल्कि और बहुत समस्याएं हैं ।

enlistment — भरती (ii)

to enlist (intrans.) — भरती होना

Every man here will enlist in the army. — यहां हर आदमी सेना में भर्ती होगा ।

progress — प्रगति (ii)

Germany and Japan have made much progress. — जापान और जर्मनी ने बहुत प्रगति की है ।

slow — धीमा

In the meeting everyone talks slowly. — सभा में सब लोग धीमे बोलते हैं ।

healthy — तन्दुरुस्त

American children are very healthy. — अमरीकी बच्चे बहुत तन्दुरुस्त होते हैं ।

salary — वेतन (aa)

His salary will be increased as of next month. — अगले महीने से उसका वेतन बढ़ा दिया जाएगा ।

पहले तीन सालों में काफ़ी दिक़्क़तें हुईं । भारत के लिये प्रादेशिक सेना एक नयी चीज़ थी और लोगों को इसके संगठन की जानकारी न थी । मिसाल के लिये, लोगों को यह भी नहीं मालूम था कि प्रादेशिक सेना में काम पूरे समय के लिये नहीं मिलता, बल्कि थोड़े समय के लिये मिलता है । शायद इसी वजह से शुरू में बहुत से लोग भरती होने के लिये आये, लेकिन बाद में उनकी तादाद कम हो गई । इस सेना में भरती होने से क्या फ़ायदा है, यह भी लोग नहीं जानते थे । बाद में लोग जानने लगे कि यह सेना जनता को सिर्फ़ फ़ौज़ी तालीम लेने का मौक़ा देती है ।

फिर भी शुरू में प्रगति धीमी रही । ऐसे लोगों की कमी थी जो फ़ौज के लिये काफ़ी तन्दुरुस्त थे । शहरों में एक और दिक़्क़त हुई । टेकनिकल दर्ज़ों में ऐसे लोग भरती किये जाते थे जो कारख़ानों में काम करते थे । इन लोगों को फ़ौज में भरती होने के पहले अपने मालिकों से

continuous	लगातार
It's hard to study continuously every day from nine to four.	हर दिन ९ से ४ बजे तक लगातार पढ़ना मुश्किल है ।
employment, job, service	नौकरी (ii)
He doesn't like government employment.	उसे सरकारी नौकरी नहीं पसन्द ।
young man	जवान (aa)
More young men should study science.	अधिक जवानों को विज्ञान पढ़ना चाहिये ।
suitable, able	योग्य
There's need for an able person in our office.	हमारे कार्यालय में एक योग्य आदमी की आवश्यकता है ।
strong	मज़बूत
Nylon cloth is very strong.	नाइलोन का कपड़ा बहुत मज़बूत होता है ।

इजाज़त लेनी पड़ती थी । मालिक अक्सर न तो छुट्टी देना चाहते थे और न छुट्टी का वेतन ।

१९५१ में यह फ़ैसला किया गया कि इन सिपाहियों को चार या पांच महीनों की लगातार ट्रेनिंग दी जाये । भरती होने वालों को यह डर होने लगा कि शायद उन्हें अपनी पुरानी नौकरी वापस नहीं मिले । इसलिये सरकार को एक बिल पास करना पड़ा । सरकार ने यह कहा है कि मालिक और कर्मचारी दोनों ही अपने देश-प्रेम का सबूत दें । सरकार ने यह भी कहा कि नेशनल डिफेंस ऐकेडमी में जो जगहें खाली होंगी उनकी ढाई फ़ी सदी प्रादेशिक सेना से भरी जायेगी । इस तरह प्रादेशिक सेना के अच्छे जवानों को कमीशन पाने का मौक़ा मिलेगा । सरकार दो तरह के तमग़े देगी -- १, टेरिटोरियल आर्मी डेकोरेशन; २, टेरिटोरियल आर्मी मेडल । २० सालों की योग्य नौकरी के बाद कमीशन पाये हुये अफ़सरों को डेकोरेशन दिया जायेगा । १२ सालों की योग्य नौकरी के बाद कमीशन पाये हुये जूनियर अफ़सरों को मेडल दिया जायेगा ।

Questions

१ प्रादेशिक सेना के कुछ दस्तों के नाम बताइये ।

२ प्रादेशिक सेना की दिक़्क़तों की एक मिसाल दीजिये ।

३ प्रादेशिक सेना का मुख्य ध्येय क्या है ?

४ प्रादेशिक सेना के सिपाहियों की ट्रेनिंग कितने दिन दी जाती है ?

५ भरती होने वालों को क्या डर था ?

६ प्रादेशिक सेना के कमीशन पाए हुए अफ़सरों को कैसे तमग़े दिए जाते हैं ?